CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 82,176.45
निफ्टी 25,001.15
सोना 98,555
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 27 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 287 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध को पछाड़ नूर हुए आगे


विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान पर जमकर बरसे मोदी

# बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय

■ दाहोद से किया पीएम ने 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दाहोद, वार्ता



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कहा है कि जो कोई 'हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना भी तय है।'

श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि 'मोदी' से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि हमने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर को मॉनिटर कर रहे थे तीनों सेना प्रमुख

**सेना ने बुकलेट जारी की, बीएसएफ के आईजी बोले- पाक ने राजस्थान में 413 ड्रोन अटैक किए**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें सेना चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। उन्होंने कहा कि डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में टेरर कैंप पर भारतीय हमले की जानकारी तभी दी थी जब अटैक किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की। सेर्ना ऑपरेशन (सीजफायर) रोकने का फैसला पाकिस्तान की रिक्वेस्ट पर द्विपक्षीय लिया गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता का सवाल नहीं उठता है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी: जयशंकर

**नई दिल्ली।** सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर पर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी और अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं, वे निराधार हैं।

### मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर मनीष ढेर

**लातेहार।** झारखंड में लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया तथा नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) वाईएस रमेश ने नक्सली कुंदन के मारे जाने की पुष्टि करते हुए सोमवार को यहां बताया कि लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को रविवार की रात सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड थाना क्षेत्र के दौना और करमखाड के बीच जंगल में भ्रमणशील है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित की गई और नक्सलियों की घेराबंदी का काम शुरू किया गया। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक चली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया है। मौके से दस लाख रुपये के इनामी नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा विधायक आदेश चौहान को छह माह की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भांजी व तीन पुलिसकर्मियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा
■ हरिद्वार जनपद के रानीपुर क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं आदेश चौहान
■ सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जमानत भी मिल गई

**देहरादून/हरिद्वार।** पुलिस हिरासत में मारपीट के करीब 16 वर्ष पुराने एक मामले में बीजेपी के विधायक को सीबीआई कोर्ट ने 6 महीने की सजा सुनाई है।

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रानीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आदेश चौहान सहित उनकी भांजी एवं 3 पुलिसकर्मियों को सीबीआई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में की गई मारपीट से जुड़े मामले में सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद उनको सोमवार को ही जमानत भी मिल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक पर अपनी भांजी के पति को पुलिस हिरासत में मारने-पीटने का आरोप है। घटना का दोषी मानते हुए सीबीआई कोर्ट ने विधायक के साथ उनकी भांजी एवं तीन पुलिसकर्मियों को भी सजा सुनाई गई। सीबीआई के स्पेशल मजिस्ट्रेट संदीप भंडारी की अदालत ने पीड़ित -शेष पृष्ठ दो पर

# पाक को खुफिया जानकारी भेजने वाला CRPF जवान गिरफ्तार

■ आरोपी मोतीराम जाट को पाक अफसरों से मिले पैसे: एनआईए

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है।

एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को पीआईओ से अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ -नेवी की मौजूदा सेना यूनिट्स की फोटो- वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था।

### यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।

### भूषण स्टील के परिसमापन कार्यवाही पर यथास्थिति का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन कार्यवाही पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की समय सीमा समाप्त होने तक यथास्थिति बनाए रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने जेएसडब्ल्यू स्टील की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

### सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड टीडीआर विवाद पर आज करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अधिग्रहित बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड की 15 एकड़ से अधिक अधिग्रहित भूमि के लिए श्रीकांतदत्त नरसिंहराजा वाडियार और अन्य के कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के हस्तांतरणीय विकास अधिकार प्रमाण पत्र (टीडीआर) जारी करने के अदालती फैसले को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की नई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

### एटीएस नागपुर की महिला से करेगी पूछताछ

**मुंबई।** बहु-एजेंसी जांच के अलावा महाराष्ट्र पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) नागपुर की महिला सुनीता भालेश्वर जामगड़े से भी पूछताछ करेगा, जिसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने रविवार को भारतीय अधिकारियों को सौंपा था। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि सुनीता इस महीने की शुरुआत में करगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान चली गई थी। 43 वर्षीय सुनीता के 14 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार वह दस दिन पहले अपने बेटे को छोड़कर भूलवश सीमा पार चली गई थी और बाद में उसे पाकिस्तानी बलों ने पकड़ लिया और महिला को 24 मई को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### नेहा सिंह राठौर के मामले में सुनवाई 29 मई को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पहलगाम हमले पर टिप्पणी के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की याचिका पर अगली सुनवाई 29 मई को नियत की है। उधर, राठौर ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। याचिका पर न्यायाधीश विवेक चौधरी व न्यायाधीश बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामले की केस डायरी की पूरी जानकारी उनके पास है। इस पर, याची के अधिवक्ता ने कहा कि अभियोजन ने याची के खिलाफ जो साक्ष्य पाए हैं उन्हें याची को सौंपा जाए।

# पटना में एम्स डाक्टर सहित दो कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली, वार्ता

■ बिहार में पहला मामला, बंगाल में चार नए केस, दिल्ली में 104, देश में अब तक 1009 एक्टिव मामले

**भारत में** कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बिहार में सोमवार को एम्स पटना के एक डाक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह कोरोना की मौजूदा लहर में राज्य का पहला मामला है।

वहीं पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है, जिसके बाद सक्रिय मामलों की संख्या 12 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मरीजों को सांस संबंधी समस्याएं हैं। अधिकतर मामले कोलकाता और उसके आसपास से सामने आए हैं। पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं? देश में कुल मामलों की संख्या 1,009 हो गई है। पिछले एक सप्ताह में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही कुल एक्टिव मामले 430 हो गए हैं। महाराष्ट्र में 153 और दिल्ली में 99 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में इस वक्त कुल 104 एक्टिव मामले हैं। इन शहरों के बाद गुजरात में 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 7 लोगों की मौत भी हुई है। रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई। युवक का 22 मई से इलाज चल रहा था। राज्य में अब तक 4 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर के कारण हुई। हालांकि, 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

### राज्यसभा की आठ सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गई है। इन सीटों के लिए मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जाएगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी असम से राज्यसभा के सदस्य मिशन रंजन दास और बीरेन्द्र (दोनों भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को पूरा हो रहा है।

# मुंबई में भारी बारिश, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी

■ लोकल ट्रेनें भी प्रभावित, हजारों लोग फंसे, आठ फ्लाइट्स प्रभावित, पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने एक मई को ही इसका उद्घाटन किया था।

इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। हजारों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से -शेष पृष्ठ दो पर



### देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जाएगा।

### कोच्चि तट पर लाइबेरियाई जहाज डूबा, सार्वजनिक परामर्श जारी

**कोच्चि।** केरल में कोच्चि तट पर अरब सागर में लाइबेरिया के कंटेनर जहाज के डूबने के बाद एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया गया है, जिसमें लोगों को किसी भी तैरते या किनारे पर पड़े कंटेनर या मलबे के पास न जाने या उनसे संपर्क न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उनमें खतरनाक पदार्थ हो सकते हैं। जहाज पर कुल 643 कंटेनर थे, जिनमें से 73 खाली थे और 13 में खतरनाक सामान थे, जिनमें कैल्शियम कार्बाइड भी शामिल था। एक ऐसा रसायन जो पानी के साथ हिसक रूप से प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस छोड़ता है। कंटेनर जहाज 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे एमएससी एल्सा 3 विझिनजाम से कोच्चि बंदरगाह के रास्ते में अरब सागर में पलट गया और बाद में डूब गया। तिरुवनंतपुरम जोन के सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त के कार्यालय द्वारा जारी परामर्श के अनुसार घटना के समय जहाज पर मौजूद सभी सामान पर शुल्क नहीं चुकाया गया था और ऐसे सामान को किसी भी तरह से अनधिकृत तरीके से हटाना या चुराना अवैध है।

# मोदी ने 11 साल में कर दी देश की दुर्दशा

## कहा: देश में बेरोजगारी बढ़ी और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई
■ अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल के दौरान देश बर्बाद हो गया है और इस दौरान देश मे बेरोजगारी बढ़ी, अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई और विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई है।

श्री खड़गे ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि 11 सालों में बड़े-बड़े 'वादों' को खोखले 'दावों' में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा कर दी, कि 'अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई। युवा, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की गायब। किसान, न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खानी पड़ी रबर बुलेट, महिला, आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार, कमज़ोर वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी खत्म। उन्होंने पिछले 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था तथा विदेश नीति को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि अर्थव्यवस्था, महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़, खपत ठप्प, मेक इन इंडिया रहा फ्लॉप और असमानता चरम पर। विदेश नीति, वादा था 'विश्वगुरु' बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र, हर स्तंभ पर आरएसएस का हमला, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़ और 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान।

### मध्यम उद्योगों की जीडीपी में 29 % की हिस्सेदारी: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** सकल घरेलू उत्पादन - जीडीपी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग- एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 29 प्रतिशत है, जबकि यह 60 प्रतिशत लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। नीति आयोग की सोमवार को यहां मध्यम उद्यमों के लिए नीति तैयार करना पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मध्यम उद्यम भविष्य के बड़े उद्यम हैं और 2047 के विकासशील भारत के चालक हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और 60 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है। इसके अलाव निर्यात में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों को भारत की अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक योजना पेश की है।


RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20

# किसान के पीछे दौड़ा गुलदार

## ट्यूबवेल की कोठरी में घुस कर जान बचाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खेतों पर मजदूरों से काम करा रहे किसान पर गुलदार ने हमला कर दिया। किसान ने ट्यूबवेल की कोठरी में छिपकर जान बचाई। शोर सुनकर मजदूरों ने गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला गौहर अली खां निवासी पूर्व सभासद खलील खान उर्फ पप्पू पठान के छोटे भाई अतीक अहमद खान सलावतनगर पंचायत के गांव भागिजोत स्थित अपने खेतों पर मजदूरों से काम करा रहे थे। इसी दौरान खेतों में घूमने के दौरान किसान अतीक अहमद खान पर गुलदार हमला करने की नियत से पीछे दौड़ पड़ा, जिससे किसान ने खेत में बनी ट्यूबवेल की कोठरी में छिपकर जान बचाई।

खेतों में काम कर रहे व बाग में रखवाली कर रहे मजदूरों जावेद, ताहिर, सन्दीप, महिपाल, रमेश आदि ने शोर सुनकर गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

किसान पूर्व सभासद खलील खान उर्फ पप्पू पठान सहित पास के किसानों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की ताकि कोई जनहानि ना हो।

# कैम्प में सोलर पावर प्लांट की दी जानकारी

## नगर के सभी सभासद रहे मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका परिसर में मुफ्त बिजली योजना के तहत पीएम सूर्य घर निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटांप सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त प्लाट लगाए जाने के बारे में संबंधित अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

नगर पालिका परिसर में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा ने 25 वार्ड के सभासदों को अवगत कराया कि सरकार उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटांप सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु 1 किलो वाट से 10 किलो वाट तक भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली धनराशि अनुमानित लागत उपभोक्ताओं का प्रभावी अंशदान के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि प्लांट की अनुमानित लागत 60 हजार प्रति किलोवाट, सोलर पैनल की कार्य क्षमता अवधि लगभग 25 वर्ष, 3 किलोवाट का प्लांट मात्र 1800 रूपये की आसान किस्त पर लगेगा तथा बैंक लोन 7% ब्याज की दर पर मिलेगा। सोलर प्लांट कमीश. निंग के उपरांत सब्सिडी डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में जाएगी। बिजली बिल में दो तिहाई तक की बचत होगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक सोलर प्लांट लगवा कर आकर्षक अनुदान एवं बिजली के बिल में राहत पाए। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी वार्ड के सभासदों ने भाग लिया।

# राज्यमंत्री ने पौधशाला का किया निरीक्षण



## पीपल का पौधा रोप कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) केपी मलिक ने रविवार को धामपुर रेंज के अंतर्गत आने वाली पौधशालाओं का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने धामपुर-स्योहारा रोड स्थित मुन्नी देवी मंदिर परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

राज्यमंत्री सबसे पहले धामपुर रेंज कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यालय परिसर, दस्तावेजों एवं रजिस्टरों का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने रेंज परिसर में संचालित पौधशाला (नर्सरी) का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। राज्यमंत्री ने साफ-सफाई एवं पौधों की गुणवत्ता को लेकर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद वह स्योहारा क्षेत्र स्थित खलीलपुर पौधशाला भी पहुंचे और वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि आगामी वृक्षारोपण अभियानों को और अधिक प्रभावी तरीके से संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीएफओ अभिनव राज, एसडीओ अंशुमन मित्तल, रेंजर गोविंदराम गंगवार, डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह, ज्ञान सिंह सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। राज्यमंत्री ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से वृक्षारोपण व संरक्षण कार्य को मिशन मोड में लेकर चलने का आह्वान किया।

# निष्ठा और लगन से कार्य करने पर शिक्षक राजेश कुमार सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ब्लॉक जलीलपुर की ग्राम पंचायत रसूलपुर नंगला स्थित कंपोजिट स्कूल के शिक्षक राजेश कुमार को कंपोजिट स्कूल को निपुण बनाने में निष्ठा और लगन से कार्य करने पर उन्हें शिक्षक सम्मान से नवाजा गया।

प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुए सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी चांदपुर के नेतृत्व में कंपोजिट स्कूल रसूलपुर नंगला के शिक्षक को यह सम्मान मिला। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष बिजनौर में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने यह सम्मान दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए सीनियर शिक्षक रिजवान अख्तर ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लॉक जलीलपुर ने देते हुए बताया कंपोजिट स्कूल रसूलपुर नगला को निपुण बनाने में शिक्षक को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर आरपी मुकेश कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार एवं न्याय पंचायत रसूलपुर नगला के समस्त अध्यापक स्टाफ ने भी शिक्षक राजेश कुमार को शुभकामनाएं दी है।

# भाकियू का हरेवली फीडर पर धरना

## सात दिन में समस्याओं के समाधान के आश्वासन पर माने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** हरेवली बिजली घर पर आक्रोशित किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई मांगें की गईं। अधिकारियों द्वारा सभी समस्याओं के सात दिन के भीतर समाधान करने के आश्वासन पर भाकियू कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान कई दिनों से समस्याओं को लेकर परेशान थे। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के साथ किसानों ने हरेवली फीडर पर धरना प्रदर्शन किया गया। भाकियू का आक्रोश देखते हुए तुरंत एसडीओ ऋषिकांत गौड मौके पर पहुंचे व क्रमवार किसानों की समस्याओं को नोट किया व भरोसा दिलाया कि सात दिन के भीतर किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं पर काम किया जाएगा। ऋषिकांत गौड द्वारा बताया गया कि हमने उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। दो तीन दिन में हम निर्बाध दस घंटे विद्युत सप्लाई किसानों के कुओं पर करेंगे और कल ही जहां जहां तार ढीले है, उनकी खिंचाई का काम लगवाएंगे। इसके अलावा जब तक नए ट्रांसफार्मर विभाग से मिल नहीं जाते तब तक पुराने ट्रांसफार्मर कल ही रखवा दिए जाएंगे। एसडीओ ऋषिकांत गौड के आश्वासन पर हरेवली बिजली घर पर भाकियू टिकैत का धरना स्थगित कर दिया गया।

धरने में सोनू विरक, राजीव चौहान, योगेंद्र सिंह डबास, अशोक चौहान, बंटी सिंह, जगदीश सिंह, वजीर सिंह, टीकाराम, तेजपाल सिंह, मुकीम अहमद, शहबाज आलम, गुरजीत सिंह, सुखचौन सिंह, मुन्तसिम, अलाउद्दीनपुर, लखवीर सिंह, कुलवंत सिंह, आकाश सिंह, विक्रांत डबास, आशा सिंह, वासिक भाई, सरताज अहमद, जीशान, मोहित कुमार, प्रमोद प्रजापति, अजय सैनी, पोखर सिंह, अरुण कुमार, चंद्रपाल सिंह आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# एक नजर

## मृतक के परिजनों को दी सांत्वना



**शेरकोट।** लगभग एक सप्ताह पूर्व खो नदी में नहाते वक्त हुई किशोर की मौत पर दु:ख व्यक्त करने भाजपा व हिन्दू संगठन से जुड़े नेता मृतक के घर पंहुचे और अपनी संवेदना व्यक्त की। मालूम हो कि नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी शीराज पुत्र शाहिद अपने दोस्तों के साथ 21 मई को खो नदी में नहाने गया था। जहां उसकी डूबने से मौत हो गई थी। रविवार की देर शाम हिन्दू युवा वाहिनी के मंडल अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह, भाजपा नेता दीप सौरभ पार्थ, समाजसेवी व भाजपा नेता कुंवर संजय गहलौत मृतक के घर पंहुचे और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की तथा हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

## समर कैंप में छात्रों का उत्साह बरकरार



**नगीना।** एम एम इंटर कॉलेज नगीना में चल रहे समर कैम्प के अंतर्गत छठे दिवस के कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर के दिशा निर्देशन में हुआ। विद्यालय में हो रहे समर कैंप में विद्यालय के लगभग सौ छात्र छात्राए बड़े उत्साह पूर्वक भाग ले रहे है। साथ ही सभी छात्र छात्राओं के अभिभावक भी बड़ी खुशी से समर कैम्प में भेज रहे हैं। इस कार्यक्रम में अध्यापकगण शहजाद अहमद, शहनाज बेगम एवं शमा परवीन ने सोमवार के कार्यक्रम कराए। विद्यालय में चल रहे कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने छात्र छात्राओं को कंप्यूटर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। विद्यालय में हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा 2025 में तृतीय स्थान पर रही एवं बेस्ट गाइड सादिया अंसारी को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत पर फटा तिरंगा हटाया

**कोतवाली देहात।** भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी ऋषि त्यागी ने बताया कि विकास खंड प्रांगण में लगा राष्ट्र ध्वज तिरंगा झंडा फटा हुआ है। किसी पक्षी के बैठने से झंडे का केसरिया और हरे रंग की पट्टी फट गई है। इसकी सूचना भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खंड विकास अधिकारी को दी गई। खंड विकास अधिकारी ने झंडा उतरवा दिया। खंड विकास अधिकारी ज्योति ने बताया कि राष्ट्र ध्वज के आज ही फटने की जानकारी हुई। राष्ट्र ध्वज को उतरवा दिया गया है। शीघ्र ही नया झंडा लगवाया जाएगा।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मुख्यमंत्री के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण/ शिलान्यास/ शुभारम्भ किए जाने हेतु वृहद समारोह का आयोजन 10:30 बजे लोक भवन, लखनऊ में किया जाना है। इसी के संबंध में एक सम्मान समारोह ब्लॉक संसाधन केंद्र नहटौर पर आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं उत्कृष्ट समर कैंप संच. ालित करने वाले शिक्षा मित्र व अनुदेशक भी सम्मानित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुना। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ सभी बच्चों को मिलना चाहिए। समर वेकेशन के उपरांत सभी बच्चों को अभिभावकों से समन्वयन स्थापित करते हुए शासन से प्राप्त डीबीटी के माध्यम में धनराशि 1200 रुपए का इस्तेमाल बच्चों को यूनिफॉर्म बैग आदि के लिए खर्च कराना सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर आफताब अहमद, अनिता शर्मा, मीनू लता, ओमपाल सिंह, मनीष कुमार, मनोज कुमार, मोहम्मद राशिद, रवि कुमार, बबीता, मनोज कुमार, कुबेर सिंह, मो. नईम, ओमप्रकाश सिंह, तकल्लुम जहां, मनोज कुमार, केशव त्यागी, शरद त्यागी, अमरपाल अरविंद कुमार आदि शिक्षक/शिक्षा मित्र/अनुदेशक सम्मानित हुए। इस अवसर पर एकेडमिक रिसोर्स पर्सन हेमराज सिंह आर्य भी उपस्थित रहे।

# कैडेट्स को एनसीसी का महत्व बताया

## 94वां संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण एनसीसी शिविर का समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 94वाँ संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण एनसीसी शिविर 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के कमान अधिकारी कर्नल रोहिताश शर्मा के नेतृत्व में श्री विदुर गुरु ग्रह इंटर कॉलेज विदुर कुटी में 10 दिन का शिविर लगाया गया।

इस शिविर के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित मिश्रा ने शिविर की गतिविधियों का समय-समय पर निरीक्षण किया और कमियों को दूर किया। सूबेदार मेजर जगत सिंह नेगी ने इस शिविर में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं को समय-समय पर संपन्न कराया तथा एनसीसी कैडेट्स का उत्साह वर्धन किया। शिविर के दौरान 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के कमान अधिकारी के कुशल निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स को टेंट लगाना तथा खोलना, ड्रिल और अनुशासन, मैप रीडिंग, बाधाओं को पार करना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त फील्ड क्राफ्ट के अंतर्गत जमीन की आकृति, टारगेट की पहचान, हथियार के साथ हरकत करना, फील्ड सिग्नल आदि का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में प्रतिदिन एनसीसी कैडेट्स को वॉलीबॉल खो-खो, रस्सा-कसी आदि विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान आपदा प्रबंधन के विशेषज्ञ ओमप्रकाश तथा प्रशांत ने एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित किया तथा खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग से राजीव ने कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की खाद्य सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी। इसके अतिरिक्त हेल्थ एंड हाइजीन की जानकारी डॉ. राखी अग्रवाल ने दी। विवेक हॉस्पिटल से डॉ. कोमल सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को सीप. ीआर की पूरी जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने एनसीसी कैडेट्स को आग कितने प्रकार की होती है और उससे बचाव किस प्रकार से किया जाता है, विस्तार पूर्वक जानक. ारी दी। 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के कमान अधिकारी ने बरेली ग्रुप की फायरिंग टीम का चयन एवं अभ्यास कराया। कैंप फायर के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा कमान अधिकारी कर्नल रोहिताश शर्मा ने एनसीसी कैडेट्स को जीवन में एनसीसी का क्या महत्व है पर प्रकाश डाला।

इस कैंप के दौरान कैंप के एडजूसेंट कैप्टन जितेंद्र विश्वकर्मा एवं समस्त एनसीसी अधिकारी तथा सीटीओ और समस्त पीआई स्टाफ मौजूद रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बहनों का...** सेना ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के नौ सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ़ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 अप्रैल को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाई पाकिस्तानी सेना में दुस्साहस दिखाया, तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का निर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। श्री मोदी ने पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के तेजी से विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 मार्गों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटक आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी फैले हुए हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विक. सित भारत के निर्माण के लिए आदिवासी क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के उनके लंबे अनुभव ने राष्ट्रीय स्तर की पहल में योगदान दिया है। श्री मोदी ने उस समय को याद किया जब गुजरात में आदिवासी बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, पूरे आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है, अच्छे कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज और इन समुदायों की सेवा करने वाले दो समर्पित आदिवासी विश्वविद्यालय हैं।

**भाजपा विधायक...** को अवैध तौर से हिरासत में रखना, मारपीट व अन्य धाराओं में रानीपुर के भाजपा विधायक आदेश कुमार चौहान, उनकी भतीजी दीपिका चौहान को 6-6 महीने एवं पुलिस विभाग से रिटायर्ड आरके चमोली, इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह रौतेला एवं दिनेश कुमार को एक-एक साल की सजा सुनाई है। ज्ञात रहे कि दोषी करार दिए गए आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक पुलिसकर्मी का पहले ही देहांत हो चुका है। गौरतलब है कि ये घटना वर्ष 2009 की है। विधायक की भांजी दीपिका चौहान ने अपने पति मनीष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़ित पक्ष की तरफ से सहारनपुर निवासी रिटायर्ड प्रवक्ता धीर सिंह चौहान ने शिकायत की थी कि 11 जुलाई 2009 को उनको, पत्नी शकुंतला एवं बेटे मनीष को थाने में बुलाया गया और जबरन अवैध रूप से हिरासत में रखकर मारपीट व उत्पीड़न किया गया। मामला आगे बढ़ा तो पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण ली, जिस पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई जांच की गई। मामला काफी दिनों से सीबीआई कोर्ट में चल रहा था।

**मुंबई में...** नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में दिन भर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मुंबई के सांताक्रूज के सुपारी टैंक और नारियल वाड़ी में सबसे ज्यादा 25 मिमी, पाली हिल में 24 मिमी, विले पार्ले और अंधेरी फायर स्टेशन ने 15 मिमी और 14 मिमी बारिश दर्ज की। चकल नगर निगम विद्यालय और मालवणी फायर स्टेशन में 14 मिमी और 12 मिमी बारिश हुई, जबकि वर्सोवा पंपिंग स्टेशन पर 11 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। चेंबूर की कलेक्टर कालोनी में 13 मिमी जबकि चेंबूर फायर स्टेशन में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दलित गौरव का कत्ल

## पैर की हड्डी व पसलियां भी तोड़ी, प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दलित युवक गौरव के कत्ल का मामला गरमा रहा है। दलितों ने प्रदर्शन कर इस मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज मण्डावर थाना क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर निवासी पीड़ित परिवार के सदस्य व अन्य दलित मुख्यालय पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। इस संबंध में नीशा पत्नी दीपक निवासी ग्राम राजारामपुर ने एसपी को तहरीर दी। जिसमें कहा गया कि 29 अप्रैल को करीब आठ बजे उनका भाई गौरव पुत्र वीर सिंह अपनी बुलेट से ग्राम रफीउल नगर उर्फ रावली से अपने ग्राम राजारामपुर आ रहा था। तभी मेरे भाई गौरव का पीछा यश पुत्र अजीत, आदित्य पुत्र सुनील एवं तरूण निवासीगण ग्राम रावली ब्रह्मपुरी करने लगे। उन्होंने गौरव के साथ गाली-गलौच करते हुए कहा कि चमार आज तुझे नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने उसकी बुलेट जबरन रूकवा ली और जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। उन्होंने धारदार हथियारों व लाठी-डण्डों से हमला करते हुए गौरव के पैर की हड्डियां व तीन पसलियां तोड़ दी। जब तड़प रहे गौरव ने शोर मचाया, तो वहां से गुजर रहे दीपचंद पुत्र पिरथी, नमीता पत्नी संजय एवं राजकुमारी पत्नी विपिन आदि ने उसकी जान बचाई। इन गवाहों की मदद से ही उन्हें सूचना मिली। गौरव को सरकारी अस्पताल में बिजनौर भर्ती कराया गया। लेकिन उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सैंटर के लिए रैफर कर दिया गया। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए 29 अप्रैल को ही मंडावर पुलिस को तहरीर दी गई। लेकिन 12 मई तक मण्डावर पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। 12 मई को उन्होंने एसपी को तहरीर दे दी और तहरीर ऑनलाइन भी डाली गई थी। जिसके बाद मुकदमा पंजीकृत किया गया। लेकिन गौरव के कत्ल के मामले को हादसा बताते हुए हल्की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। गौरव की 18 मई को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मौत से एक दिन पहले 17 मई को गौरव ने अभियुक्त यश, अजीत व तरूण के बारे में बताया था कि उन्होंने किस तरह से हमला किया था।

नीशा का कहना है कि मण्डावर पुलिस इस मामले में न तो गवाहों के बयान ले रही है और न ही समुचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर रही है। दलितों का कहना था कि आरोपियों के खिलाफ समुचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जानी चाहिए।

# कार की टक्कर से बहन-भाई घायल

## मंदिर जाने के दौरान हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कार व बाइक की आमने सामने की टक्कर में मंदिर जा रहे बहन-भाई घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह लगभग छह बजे थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर निवासी बेलीराम का 27 वर्षीय पुत्र बन्टी, अपनी 29 वर्षीय बहन राधा व भतीजे - भतीजी के साथ अपनी बाइक से सिद्धबली मन्दिर जा रहे थे। जब वह नगीना में एवन धर्म कांटे के सामने पहुंचा, तो सड़क पर पड़े पानी से बाइक को बचाया। इस दौरान रायपुर की ओर से आ रही कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे बन्टी व उसकी बहन राधा घायल हो गई। दोनों बच्चे सकुशल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही चितौड़गढ़ पुलिस चौकी के पुलिस कर्मी तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और घायल भाई-बहन को वहां से सीएचसी में उपचार के लिए भिजवाया। सीएचसी पर तैनात डॉक्टर व स्टाफ ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। घायलों की सूचना परिजनों को मिलते ही वह सीएचसी पहुंचे। बाइक व कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि अभी इस मामले में अभी तक किसी की ओर से भी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### नगीना में चोर अमरपाल अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना देहात थाने में वादी ने 24 मई को तहरीर दी थी कि रेलवे स्टेशन के पास से उसकी बाइक चोरी कर ली गई। इस मामले में पुलिस ने ग्राम मिलकपुर सहसू निवासी चोर अमर पाल सिंह पुत्र नौबहार सिंह को गिरफ्तार किया है। चोर के पास से बाइक भी बरामद की गई है।

### चांदपुर में सलमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में मौहल्ला मुफ्ती सराय निवासी रियाज आलम पुत्र हफीज उल्लाह ने एक अक्टूबर 2024 को तहरीर दी गई थी कि चोरी से उसके बाग में खड़ा आम का पेड़ काटा जा रहा है। मौहल्ला चिम्मन निवासी पांच अभियुक्तों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस व धारा 4/10 भारतीय अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने सलमान पुत्र सरफराज निवासी मौहल्ला चिम्मन को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक नजर

### ट्रेन से कट कर अरमान की मौत



**स्याऊ।** दिल्ली से कोटद्वार जा रही सिद्धबली एक्सप्रेस की चपेट में आने से 13 वर्षीय अरमान निवासी ग्राम मिर्जापुर बेला की मौत हो गई। यह घटना बागड़पुर रेलवे स्टेशन के समीप की है। अरमान रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इस दौरान ट्रेन से टक्कर लगने पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची परिजनों ने मृतक की पहचान की और पोस्टमार्टम ने करने की इच्छा जाहिर की। हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। ग्राम प्रधान सरफराज अहमद ने बताया कि अरमान रूपपुर में एक ईंट भट्टे पर पथेर का काम करता था। जिला प्रमुख शिवसेना वीर सिंह ने परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रेलवे ट्रैक पर सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब ट्रेन पहले से दोगुनी गति से चल रही है।

### नींदड़ू का सईदल अरेस्ट

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर जनपद में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैं। चांदपुर पुलिस ने मौहल्ला काजीजादगान निवासी सज्जाद व मौहम्मद फैसल, नगीना देहात पुलिस ने राम सिंह एवं धामपुर पुलिस ने सईदल हसन को गिरफ्तार किया है।

### मेरठ का सद्दाम गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने सात दिसम्बर 2024 को थाना कोतवाली शहर में तहरीर दी थी कि दो अज्ञात अभियुक्तों ने उनकी मां को घर की परेशानी दूर करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए सोने के कुंडल, मोबाइल व पर्स ले लिया और फरार हो गए। पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने इस मामले में सद्दाम उर्फ शाकिर पुत्र रफीक निवासी ग्राम शेफपुर फिरोजपुर, थाना बहसुमा, जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया है। सद्दाम ने बताया कि उसने अपने ही ग्राम के शहजादा पुत्र यासीन के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। दोनों ने आपस में सामान बांट लिया था।

### नाजिम अंसारी ने गिनाई समस्याएं



**बिजनौर।** बुनकर मजदूर विकास समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मौहम्मद नाजिम अंसारी ने समिति के पदाधिकारियों के साथ केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर बुनकरों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिसमें बुनकर प्रमाण पत्र की वैधता आजीवन या पांच साल करने, कच्चे माल व सूत कपड़े से जीएसटी को हटाने, अटल बिहारी वाजपेयी फ्लैट रेट योजना के तहत दी जा रही बिजली के रेट को कम करने, पांच किलोवाट तक दी जा रही सब्सिडी को बढ़ाकर 10 किलोवाट तक करने की मांग की गई। इस मौके पर अय्यूब अंसारी, खालिद सैफी, हाजी मौहम्मद उमर अंसारी, शहजाद अंसारी, शकील अहमद अंसारी, कल्लन, सलीम अंसारी, डॉ. आफाक, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद फुरकान आदि मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट में लाइव प्रसारण देखा



**बिजनौर।** उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों, कम्पोजिट विद्यालयों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम का लखनऊ से सीधा लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि ने देखा। इस मौके पर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि जिला बिजनौर में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को लेब, अतिरिक्त क्लासें, खेलकूद में प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन के कारण उनको निपुण बनाने में अध्यापकगणों द्वारा सार्थक प्रयास किए गए हैं। जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। कार्यक्रम में सीडीओ पूर्ण बोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, पालिका अध्यक्षा श्रीमती इंद्रा सिंह, बेसिक शिक्षाधिकारी योगेन्द्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम आदि मौजूद रहे।

### कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए मांगे आवेदन

**बिजनौर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नेहा पाण्डेय ने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए पूर्व निर्गत समय सारिणी की समय-सीमा को बढ़ाते हुए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया अन्तिम तिथि दो जून तक कर दी गयी है। आवेदन के उपरान्त सम्बन्धित संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन भरे गए आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकापी वांछित अभिलेखों सहित अन्तिम रूप से दो जून की सायं पांच बजे तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गयी सूचना एवं उपलब्ध कराए गए अभिलेखों का परीक्षण तथा संस्था की आधारभूत संरचनाओं आदि का भौतिक सत्यापन करते हुए निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं के चयन की कार्यवाही तथा अभ्यर्थियों का चयन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रकार प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इच्छुक युवक व युवतियों से ऑनलाईन आवेदन 14 जून से 14 जुलाई तक प्राप्त किये जाने है। युवक व युवतियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये आवेदन की हार्डकापी वांछित संलग्नकों सहित अन्तिम रूप से 14 जुलाई की सायं पांच बजे तक जनपद के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

### दिव्यांगों को दिए जाएंगे कृत्रिम अंग

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन, उनके समग्र पुनर्वासन एवं उन आवश्यकतानुसार नि:शुल्क कृत्रिम अंग, ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीन, लेप्रो किट, एमआर किट एवं स्मार्ट केन आदि सहायक उपकरण को दिये जाने के लिए आवेदन भरे जाएंगे। चिन्हांकन शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड कार्यालय परिसर में किया जायेगा। उन्होंने आयोजित होने वाले शिविरों के रोस्टर की तिथिवार जानकारी देते हुए बताया कि तीन जून को नजीबाबाद, चार जून को किरतपुर, पांच जून को स्योहारा, छह जून को हल्दौर, दस जून को अफजलगढ़, 11 जून को मौहम्मदपुर देवमल, 12 जून को कोतवाली, 13 जून को अल्लैहपुर, 17 जून को जलील. पुर, 18 जून को नहटौर तथा 19 जून को नूरपुर विकासखंड में सम्मिलित नगरीय क्षेत्र विकासखंड मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में निवासरत सभी दिव्यांगजनों को चिन्हांकन शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रदर्शित होती फोटो एवं तहसील, प्रधान, जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र, ग्रामीण क्षेत्र में रुपए 46080 वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र हेतु रुपए 56460 से अधिक का आय प्रमाण पत्र न हो। मूल निवास प्रणाम प्रत्र, बैंक की पासबुक आदि की फोटो कापी, मोबाइल नंबर साथ में लाना आवश्यक है।

# वीवी पेट वेयरहाउस का निरीक्षण

## राजनीतिक दल के प्रतिनिधि रहे मौजूद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर द्वारा आज झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से नीरज चौधरी, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक, सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन एवं प्रवक्ता अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। डीएम श्रीमती जसजीत कौर द्वारा सर्वप्रथम झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम संचालित पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

# व्यापार मंडल बुझाएगा प्यास

## महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल के वितरण का निर्णय लिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मासिक बैठक स्टेशन रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी श्रीमती रितु रानी की माता एवं कोरियो ग्राफर व पत्रकार रोमियो मयूर के पुत्र के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने की। संचालन इरशाद मंसूरी ने किया। मंडल प्रभारी व अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी ने बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को शामिल किया जाना चाहिए। नगर अध्यक्ष एसपी सलूजा सहित अन्य वक्ताओं ने भी एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में आगामी ईद उल अजहा के त्यौहार को देखते हुए नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था पर चर्चा की गई। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए, पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में छबील लगाने का सामूहिक निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, व्यापार मंडल के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए कुष्ठ आश्रम में फल व वस्त्र आदि वितरित करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर में सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में व्यापारियों ने नगर हित में भविष्य में भी सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुगम जैन, सौरभ अग्रवाल, असलम फरीदी, मुनीश गर्ग, सुहैल डिजाइनर, सलमान फरीदी, अजय अग्रवाल, श्यान शम्सी, आमिर इदरीसी, नासिर लिबर्टी आदि मौजूद रहे।

# रसोईयों ने की वेतन बढ़ाने की मांग

## अधिकारियों को सुनाया दर्द



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रसोईयों ने आज प्रदर्शन करते हुए अपना वेतन बढ़ाने की मांग की है। बड़ी संख्या में रसोईयां आज जनपद मुख्यालय पर पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट में अधिकारियों को अपना दर्द सुनाया।

डीएम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि वह जनपद के विभिन्न सरकारी स्कूलों में लम्बे समय से काम कर रही है। उन्हें मात्र दो हजार रुपए प्रतिमाह भुगतान मिलता है। जो महंगाई को देखते हुए काफी कम है। महंगाई को देखते हुए उन्हें कम से कम 15 हजार रुपए प्रतिमाह का भुगतान किया जाए। इस मौके पर हफसाना, गुलशन, राखी देवी, रामकली, रीना देवी आदि मौजूद थी।

# जिला मेडिकल अस्पताल गंदगी के ढेर में तब्दील





## गंदगी के कारण सैकड़ों बीमारी घर ले जा रहे तिमारदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला मेडिकल अस्पताल में स्वच्छता अभियान को पलीता लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह अधिकारियों की उदासीनता के चलते अस्पताल में गंदगी के अम्बार हैं। मीडिया में मामला उजागर होने के बाद कुछ दिन तक तो अस्पताल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहती है। लेकिन उसके बाद फिर से अस्पताल की दुर्दशा खराब हो जाती है। गंदगी का आलम यह है। कि अस्पताल में मरीज के साथ रह रहे तिमारदारों को खुद इस अस्पताल में पल रही बीमारियों की चपेट में आकर भर्ती होना पड़ता है।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक लगातार स्वच्छता पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन बिजनौर जिला मेडिकल अस्पताल की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जिला मेडिकल अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। वर्तमान समय में जिला मेडिकल अस्पताल स्वच्छता को लेकर राम भरोसे चल रहा है। जिला मेडिकल अस्पताल में सर्जिकल वार्ड के बाहर लगे गंदगी के अम्बार को देखकर इंसानियत भी शर्मसार हो जाए। सामान्य कूड़े के ढेर में बायो वेस्ट भी पड़ा हुआ है। जिससे न सिर्फ बीमारियों का खतरा बढ़ा है। बल्कि अस्पताल स्टाफ की लापरवाही भी उजागर हुई है। हाल ही में शाह टाइम्स ने अस्पताल में गंदगी को लेकर खबर को बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसको अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर सफाई अभियान चलाया था। लेकिन महज दो सप्ताह में ही अस्पताल की हालत फिर वैसी हो गई है। अस्पताल के जिस जिम्मेदार अधिकारी से स्वच्छता को लेकर सवाल किया जाता है। तो वह बगले झांकने लगता है। जिला मेडिकल अस्पताल में स्वच्छता का ख्याल रखना किसकी जिम्मेदारी है। अस्पताल में बायो वेस्ट में इस्तेमाल होने वाली पॉलिथीन महीनों से उपलब्ध नहीं है।

अस्पताल के सीएमएस मनोज सैनी ने इस मामले में लापरवाह स्टाफ नर्स को लेकर कार्यवाही करने की बात कही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ख्याति चौधरी ने लहराया परचम

## जूनियर वर्ल्ड कप चैंपियनशिप-राइफल शूटिंग में जीता रजत पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जर्मनी में 19 से 27 मई तक आयोजित ISSF जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल प्रतियोगिता में भारत की युवा निशानेबाज ख्याति चौधरी ने देश का नाम रोशन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में रजत पदक अपने नाम किया। ख्याति की इस सफलता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भारत की युवा पीढ़ी खेलों के वैश्विक मंच पर मजबूती से कदम रख रही है।

ख्याति चौधरी मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इससे पहले वह इंडोनेशिया जकारता में आयोजित एशियन गेम्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड मेडल व एकल में सिल्वर मैडल जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर चुकी हैं।



ख्याति की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और स्कूल के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे देश व विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके कोच और स्कूल स्टाफ ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने ख्याति की उपलब्धि पर कहा कि इस बच्चे में इतना आत्मविश्वास और मेहनत है कि उसने भारत का झंडा एक बार फिर विदेश में लहराया है। उसकी लगन और निष्ठा ने उसे इस ऊंचाई तक पहुंचाया है और हमें गर्व है कि वह हमारे स्कूल की छात्रा रही है।

ख्याति जैसी प्रतिभाएं यह संदेश देती हैं कि यदि समर्पण, मेहनत और मार्गदर्शन सही हो तो कोई भी युवा दुनिया के किसी भी मंच पर देश की जीत का परचम लहरा सकता है।

## नितिन अग्रवाल एड. के कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर वैश्य समाज में हर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित कर अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से सक्रिय बार एसोसिएशन धामपुर के वार्षिक चुनाव में नगर के युवा अधिवक्ता एवं समाजसेवी नितिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उनकी इस जीत से वैश्य समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

नगर के मोहल्ला खातियान निवासी नितिन अग्रवाल पिछले कई वर्षों से धामपुर तहसील में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी जुड़े रहे हैं। वह श्री रंग एकादशी समिति मंदिर श्री ठाकुर द्वारा बजरिया एवं श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में वे भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला सह-संयोजक के पद पर भी कार्यरत हैं। शनिवार को संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में उनकी व्यवहार-कुशलता, सरल स्वभाव और समाजसेवा में सक्रियता को देखते हुए अधिवक्ताओं ने उन्हें 154 मतों से विजयी बनाया। भारी मतों से उनकी जीत पर शुभचिंतकों और समर्थकों में उल्लास का माहौल है।

वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र धनोरिया, युवा भाजपा नेता आशीष अग्रवाल (आंशू), सौरभ गोयल, विपिन अग्रवाल सहित अन्य समाज सेवियों और अधिवक्ताओं ने उन्हें जीत की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### किसान नेता को मिली धमकी



**नजीबाबाद।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव कृष्णपाल सिंह से गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसकी शिकायत थाना नांगल में की गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने पर जिला महासचिव कृष्णपाल सिंह ने शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक को दिया था। जिसकी जांच सीओ को सौंपी गई थी। इसी प्रकरण को लेकर आज संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सीओ नजीबाबाद से वार्ता की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, लक्ष्मी चौधरी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, कृष्णपाल सिंह, इमरान चौधरी, मुस्तकीम अंसारी, अविनाश चौधरी, मौहम्मद यामीन, नीला सिंह, सुभाष, दीपक कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** आज तहसील कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की मासिक बैठक हुई। इसके संयोजक युवा जिला अध्यक्ष आकाश डबास थे। संचालन रामोद कुमार ने किया। अध्यक्षता सरदार राजेंद्र सिंह ने की। एक ज्ञापन नायब तहसीलदार कपिल कुमार को सौंपा गया। जिसने किसानों के विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि किसानों से जिला सहकारी समिति तीन प्रतिशत का ब्याज न लेकर सात प्रतिशत ब्याज वसूल रही है, इस पर तुरंत रोक लगाई जाए। प्रदेश में जितनी भी बजाज ग्रुप की शुगर मिले है, उनका बकाया भुगतान ब्याज सहित कराया जाए। गुलदार के बढ़ते हुए हमले को देखते हुए वन विभाग इस पर कोई ठोस कदम उठाए। ग्राम पाडली मांडू की लाइन उमरी बिजली घर से सीधी कराई जाए। धामपुर तहसील के जितने भी ग्रामों में पिछले महीने ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है, उनका सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए। किसानों के नलकूपों बिजली मीटर न लगाएं जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहिताश सिंह, जिला अध्यक्ष परविंदर बालिया, युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, युवा जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम सिद्दीकी, युवा महिला जिला अध्यक्ष रुखसाना सोनी, जिला महासचिव शोभित चौधरी, जिला सचिव परवेज मुल्तानी, तहसील अध्यक्ष धामपुर संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, महमूद अली, जिला महामंत्री पार्थ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रोविंस राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अंकित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### भाकियू महात्मा टिकैत ने सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने तहसील प्रांगण में आयोजित मासिक बैठक में सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार संतोष कुमार यादव को दिया। विद्युत विभाग में वर्षों से जमे कर्मचारियों के स्थानांतरण और मीटर रीडर द्वारा मनमाने ढंग से बनाए जा रहे बिजली बिलों का मुद्दा मुख्य रूप से उठाया। किसानों ने आधार कार्ड के बारे में भी समस्या से अवगत कराया कि आधार कार्ड समय पर नहीं बन पा रहे हैं। राशन कार्ड केवाईसी के बारे में भी पूर्ति कार्यालय के इंस्पेक्टर अमित कुमार को भी कहा गया कि किसान मजदूर लोग आपके ऑफिस के चक्कर काटते काटते थक गए हैं। अगर मजदूर किसानों का काम भी समय पर नहीं होगा, तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत अपने झंडे के साथ पूर्ति विभाग के सामने बैठने के लिए बाध्य होगी। तहसीलदार संतोष कुमार यादव ने कहा कि आपकी सभी समस्याओं को जल्दी से जल्दी निस्तारण किया जाए। मासिक बैठक में महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, कुलदीप मोर, शहजाद मलिक, विपिन ठाकुर, अभय अग्रवाल, जकी मलिक, चौधरी जगबीर सिंह, चौधरी पुष्पेंद्र सिंह, अतुल चौधरी, चौधरी गजेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर, अतीक अहमद, सोहेल अंसारी, सुधीर कुमार, आदेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**शिवाला कलां।** शिवाला कलां थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर बिल्लौच दानिश (22 वर्ष) पुत्र मुस्तकीम अहमद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन जब सुबह लगभग चार बजे उठे तथा युवक के पिता जब बाथरूम के लिए गए, तो उन्होंने देखा की दानिश के गले में प्लास्टिक का केबल बंधा देखकर उनके होश उड़ गए। दानिश को हिला कर देखा, तो दानिश मृत अवस्था पड़ा हुआ था। शोर सुनकर परिजन बाथरूम की ओर दौड़े तथा परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई । किसी के द्वारा पुलिस को सूचना मिलने पर चांदपुर सीओ तथा थानाध्यक्ष शिवाला कलां, चौकी प्रभारी सहित मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## बिंदल शुगर मिल के क्षेत्र में गन्ना किसानों ने भ्रमण किया



### किसान गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** गन्ना आयुक्त व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मुरादाबाद की राणा शुगर मिल बिलारी के लगभग 30 से अधिक प्रगतिशील द्वारा हरि मंगलम बैंकट हाल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में आए सभी किसानों का मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह ने स्वागत किया। किसानों ने जनपद बिजनौर की चागीपुर शुगर मिल के क्षेत्र में भ्रमण व प्रशिक्षण दिया। गन्ना विकास परिषद चांदपुर ने एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विकास मलिक ने ट्रैंच विधि से गन्ने की अधिक पैदावार करने एवं गन्ने में लगने वाले रोग एवं बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। उसके बाद ग्राम दौलतपुर में अब्दुल रशीद एवं शाहरुख खान ग्राम खानपुर में करन सिंह, फारूख खां, ग्राम हसुपुरा में कपिल कुमार, तंगरौला में पंकज कुमार, प्लाटों में गन्ना किस्म को00118 एवं को. 0238 पेड़ी प्रबन्धन के डिवाईस के प्रयोग एवं नैनौ यूरिया नैनो डीएपी के पर्णीय छिड़काव, लाल सड़न बीमार से बचाव के बारे में एवं कृषकों ने अपने खेतों पर ही सभी कृषि यंत्रों जैसे पेढ़ी प्रबंधन डिवाइस, छोटा ट्रैक्टर पॉवर वीडर, पॉवर स्प्रेयर, आदि यंत्रों का प्रयोग कर सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके पश्चात गन्ना विकास परिषद अमरोहा के ग्राम अकबरपुर पट्टी एवं धावड़ी में पेड़ी प्रबंधन एवं बसंतकालीन ट्रेंच विधि द्वारा गन्ना बुवाई के प्रदर्शन प्लाटो का भ्रमण किया।

इस दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमरोहा व बिलारी एवं चीनी मिल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सुनील भराला का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता व मंत्री सुनील भराला आज साहित्य विहार कॉलोनी में डॉ. मोहित शर्मा के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। मेरठ से बिजनौर पहुंचे भराला का घर पहुंचने पर आशीष शर्मा यूनिट हेड धामपुर शुगर मिल यूनिट बबराला द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

यहां आयोजित कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भराला जी को अंगवस्त्र भेंट किया तथा अपने विचार उनके साथ साझा किए। आज के कार्यक्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में भराला ने कहा। इस समय देश के जवानों ने जो कार्य किया है, वो अति सराहनीय है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए। उतनी कम है। देश के जवानों ने देश के मान सम्मान के लिए अपने प्राणों कि बाजी लगा दी। आज सभी भारतीय को उन पर गर्व है। सुनील भराला अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर डॉ. मोहित शर्मा के आवास साहित्य विहार पहुंचे थे। आशीष शर्मा ने कहा कि भराला एक नेक दिल इंसान है। यह समाज के लिए हर समय उपलब्ध रहते है। ऐसे नेता ही पार्टी की विचारधारा को मजबूत करते है। प्रसिद्ध व्यापारी राम दर्शन अग्रवाल जग्गू ने कहा कि भराला बहुत ही ईमानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। हमेशा सच के साथ खड़े रहते हैं। ऐसे व्यक्तित्व से मिलना सौभाग्य की बात है। डॉ. मोहित शर्मा ने घर पधारे सभी भाइयों का आभार व्यक्त किया व अपना कीमती समय देने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में आशीष कुमार शर्मा जी व डॉ. मोहित शर्मा ने स्मृति चिह्न देकर उनका आभार व्यक्त किया। आज आवास पर पवन कुमार कृष्ण कॉलेज, सुनील भारद्वाज, विपिन शर्मा, पंकज शर्मा, अवनीश गौड़ (प्रयाण), रोहित भारद्वाज, पुनीत अग्रवाल, दिनेश चंद्र शर्मा, अनिल शर्मा फौजी, मोहित शर्मा, डॉ. सतेंद्र शर्मा, विभूति गौड़, अनूप पराशर, विपिन चौहान, डॉ. शरद शर्मा, विकास रावत, संजय राणा, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## ब्रश कारखाने पर मारा छापा

**शेरकोट।** दिल्ली निवासी एक ब्रांडेड ब्रश कम्पनी के प्रतिनिधि की कॉपीराइट ब्रश बनाने की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम तैय्यब सराय में दिलशाद नामक ब्रश व्यापारी के ब्रश कारखाने में छापा मारा। पुलिस और कम्पनी के प्रतिनिधि ने कारखाने की तलाशी ली, लेकिन कोई भी कॉपीराइट ब्रश नहीं मिला। इस पर पुलिस वापस लौट गी। उधर नगर के मोहल्ला समना सराय निवासी ब्रश कारखाना स्वामी दिलशाद ने कहा कि वह अपने कारखाने में केवल अपने ब्रांड के ब्रश बनाते हैं और किसी भी ब्रांडेड कम्पनी का नकली ब्रश नहीं बनाते है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 11 के सम्पत्ति संख्या 128 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्रीमति हरविंदर कौर पत्नी श्री आरपी सिंह के नाम दर्ज है। अतः श्रीमति हरविंदर कौर पत्नी श्री आरपी सिंह का नाम निरस्त कर श्री वीरेंद्र पाल सिंह पुत्र श्री रविंद्र पाल सिंह का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र पालिका में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय जिला जज बिजनौर**
प्रकीर्ण अपील सं. 32/2025

नूर अहमद उम्र 62 वर्ष पुत्र श्री अ. मजीद निवासी ग्राम गजरौला शिव, परगना व तहसील व जिला बिजनौर।

**बनाम**

1- शौकीन शाह उम्र 72 वर्ष पुत्र स्व. मुबारिक शाह, 2- जाहिद शाह पुत्र 71 वर्ष पुत्र स्व. महमूद शाह, 3- सद्दाम शाह उम्र 30 वर्ष पुत्र स्व. वहीद शाह, निवासीगण ग्राम गजरौला शिव परगना व तहसील व जिला बिजनौर। 4- श्रीमती वकीला खातून उम्र 55 वर्ष बेवा स्व. यामीन शाह, 5- इमरान उम्र 33 वर्ष, 6- गुफरान उम्र 30 वर्ष, 7- सलमान उम्र 28 वर्ष, 8- चांद उम्र 26 वर्ष, 9- शाहनवाज उम्र 24 वर्ष पुत्रगण स्व. यामीन शाह, निवासीगण ग्राम गजरौला शिव, परगना व तहसील व जिला बिजनौर। 10- श्रीमती रिहाना आयु लगभग 40 वर्ष पुत्री स्व. यामीन शाह पत्नी नफीस अहमद निवासी ग्राम बेगावाला, परगना व तहसील व जिला बिजनौर। 11- श्रीमती तरन्नुम पुत्री स्व. यामीन शाह पत्नी दिलशाद अहमद निवासी ग्राम कसौर रामपुर बिशना, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, 12- श्रीमती गुलिस्ता आयु लगभग 32 वर्ष पुत्री स्व. यामीन शाह पत्नी श्री नजाकत हुसैन निवासी जलालाबाद, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

इत्तिला हो कि बनाराजी डिगरी मुकदमा मुन्दर्जा बाला में पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत से बतारीख 04.07.2025 वास्ते समाअत इस अपील में मुकर्रर की हैं। अगर खुद आप या कोई और शख्स जो कानून अपनी तरफ से अपने हाजा में सवाल करने का मजाज हो हाजिर न होवेगा, तो उसकी समाअत और तनबीज आपकी गैर हाजरी में की जायेगी।

नियत दिनांक:- 04.07.2025

**प्रबंधक**
**न्यायालय जिला जज**
**बिजनौर।**

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**
वाद सं. 126/ 98

मृतक दुल्लीचन्द- 1/1- शकुन्तला पत्नी स्व. दुल्लीचन्द, 1/2- लोकेन्द्र जोशी, 1/3- जितेन्द्र, 1/4- पुष्पेन्द्र, 1/5- सतेन्द्र पुत्रगण दुल्लीचन्द निवासी मौ. मिर्दगान, कस्बा झालू पर. दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर। 1/6- सुषमा पुत्री स्व. दुल्लीचन्द पत्नी बूलचन्द निवासी मौ. हिन्दू चौधरियान, कस्बा व पर. स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर। 1/7-सरिता पुत्री स्व. दुल्लीचन्द पत्नी मनोज निवासी मौ. हरिहर मन्दिर ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद । 1/8- रेखा पुत्री स्व. दुल्लीचन्द पत्नी राजीव नि. मौ. हरिहर मंदिर ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद। 1/9- पूनम पुत्री स्व. दुल्लीचन्द पत्नी श्रवण शर्मा निवासी नांगल, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**--वादीगण**

**बनाम**

1- मृतक छोटे पुत्र गिरधारी- 1/1- कलावती पत्नी स्व. छोटे सिंह -मृतक। 1/2- रामकुंवर सिंह, 1/3- अर्चना, 1/4 धर्मेन्द्र, 1/5- निशान्त पुत्रगण एवं पुत्री स्व. छोटे सिंह, नि.गण मौ. अमरूवाला (मिर्दगान) कस्बा झालू, पर. दारानगर, तह. व जिला बिजनौर 1/6- वीरवती पुत्री स्व. छोटे सिंह पत्नी बुद्ध सिंह निवासी मौ. निकम्मा शाह, कस्बा शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

2- मृतक गिरधारी सिंह- 2/1- मृतक-सडवा पुत्र गिरधारी, 2/1/1- शकुन्तला पुत्री स्व. सडवा पत्नी सोमपाल निवासी ग्राम नौगांवा, मौहल्ला बुद्ध बाजार, तहसील व जिला अमरोहा। 2/1/2- सरोज पुत्री स्व. सडवा पत्नी मनोज निवासी ग्राम बूढ़पुर, परगना बूढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। 2/1/3- जयवती पुत्री स्व. सड़वा पत्नी कैलाश निवासी ग्राम बूढ़पुर, परगना बूढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। 2/1/4- बृजपाल पुत्र सडवा निवासी मौ. मिर्दगान कस्बा झालू, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर।

2/2- बाले, 2/3-केसरी पुत्रगण गिरधारी। 2/4- चरन सिंह- मृतक, 2/4/1- रणजीत सिंह उर्फ टिंकू, 2/4/2- गुलशन, 2/4/3-पुष्पेन्द्र-मृतक, 2/4/4- लोकेन्द्र, 2/4/5- श्रीमती ब्रह्मो, 2/4/6- कु. प्रीति, 2/4/7- कु. रिति, विधवा, पुत्रगण व पुत्री स्व. चरन सिंह 2/5- संतू- मृतक, 2/5/1- अनीता पत्नी स्व. सन्तू, 2/5/2- प्रशांत, 2/5/3-प्रिंस, 2/5/4- टीना, 2/5/5- पायल पुत्र-पुत्रीगण स्व. सन्तू, निवासीगण मौ. मिर्दगान, कस्बा झालू, पर. दारानगर, जिला बिजनौर

**-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 04-07-2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा के जवाब दे सके या जिसके पास कोई सख्श हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब. देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा गैर हाजरी आपकी समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 04.07.2025

**मुन्सरिम**
**सिविल जज, जू.डि.**
**बिजनौर।**

## आज मनाई जाएगी बाबू बालेश्वर लाल की पुण्य तिथि

**बिजनौर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत उत्तर प्रदेश इकाई जनपद बिजनौर के तत्वावधान में 27 मई को संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 38 वीं पुण्य तिथि कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन के सभागार में पूर्वाह्न 11 से आयोजित होगा। संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जसजीत कौर जिलाधिकारी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा (संगठन जिला अध्यक्ष), मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रशांत कुमार (निदेशक तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ) रहेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. नरेश पाल सिंह संगठन के प्रदेश महासचिव (संगठन) उत्तर प्रदेश, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर सूर्यमणि रघुवंशी, अवनीश गौड़ रहेंगे। मंच संचालक जितेंद्र कुमार जिला महामंत्री बिजनौर होंगे। इस दौरान ग्रामीण पत्रकारिता में स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल का योगदान विषय पर चर्चा एवं पत्रकार विचार गोष्ठी आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा ने संगठन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से प्रातः नौ बजे एवं अन्य पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

## जिलाध्यक्ष मुकेश दहिया का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज इंडियन फेयर प्राइज शाप डीलर एसोसिएशन का जिला स्तरीय समारोह एक बैंकट हाल में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी और जिलाध्यक्ष मुकेश दहिया का जोरदार स्वागत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राशन डीलर जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और समाज के लिए हर समय खड़े रहते हैं। फिर भी उनकी उपेक्षा की जाती है। जिलाध्यक्ष मुकेश दहिया ने कहा कि शोषण को खत्म करने के लिए संगठन को मजबूत करना जरूरी है। राशन डीलरों की मांगों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने राशन डीलरों को हर माह कमीशन देने और राशन डीलर का कमीशन बढ़ाने और हर गांव में वाहनों से राशन भिजवाने की मांग की गई।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीन नारायण, घसीटा खां, धर्म सिंह, ज्योति कश्यप, सत्यपाल सिंह, रोबिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नितिन कुमार के स्थानांतरण की मांग

**रेहड़।** गीता देवी इंटर कॉलेज रेहड़ के प्रधानाचार्य और प्रबंधक ने वित्तवहीन शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो को शिकायती पत्र भेजकर सह नोडल अधिकारी नितिन कुमार व जीआईसी अफजलगढ़ के कनिष्क लिपिक अनुपम कुमार पर कॉलेज में गुप्त रूप से आकर सीधे कक्षाओं में प्रवेश कर छात्र-छात्राओं व महिला अध्यापिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार कर वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। प्रबंधक व प्रधानाचार्य का कहना है कि पता चलने पर उन्होंने नितिन कुमार से कक्षा से बाहर चलने को कहा तो उन्होंने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज की। कॉलेज के प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने शिकायती पत्र में कहा है कि कॉलेज में ग्रीष्म कालीन अवकाश के उपरांत मासिक परीक्षा का आयोजन हो रहा है, जो जिला विद्यालय निरीक्षक के पत्रांक संख्या 1792 - 94 दिनांक 21 मई का अनुपालन करते हुए किया गया है। परंतु 24 मई की प्रातः 8:50 बजे नितिन कुमार सहायक अध्यापक जीआईसी अफजलगढ़ व अनुपम कुमार कनिष्क लिपिक जीआईसी अफजलगढ़ द्वारा कॉलेज में गुप्त रूप से आकर सीधे कक्षाओं में प्रवेश कर छात्र-छात्राओं व महिला अध्यापिकाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी वीडियो बनाई गई। उन्हें इसका पता लगा तो दोनों ने वहां पहुंचकर नितिन कुमार से कक्षा से बाहर चलने को कहा क्योंकि कॉलेज में मासिक परीक्षा संचालित हो रही थी। आरोप है कि नितिन कुमार ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज की। कॉलेज के प्रधानाचार्य व प्रबंधक का आरोप है कि कॉलेज परिवार को पीड़ित किया गया तथा विभाग द्वारा कॉलेज से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया कि नितिन कुमार विगत समय से औचक निरीक्षण के नाम पर कई विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रबंधक से अभद्र व्यवहार कर चुके हैं। शिकायती पत्र में नितिन कुमार के स्थानांतरण की मांग की गई है।

# सपा विधायक सैनी ने सुनीं समस्याएं

### सपा को बताया आम जनता की पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सपा विधायक रामअवतार सैनी ने जनसमस्याएं सुनते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए है। वह जनता की सुनवाई नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि सपा आम जनता की पार्टी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार सपा विधायक रामअवतार सैनी ने अपने निवास पर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने हर मुमकिन मदद का भरोसा भी दिलाया। सपा विधायक ने अधिकारियों को फोन कर समस्या का हल कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता मेरे सिर का ताज है। क्षेत्र की जनता का हर दुख, मेरा दुख है। मेरा मकसद बगैर किसी भेदभाव के विकास कराना है। उन्होंने कहा कि सपा सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलती है। भाजपा सरकार में प्रदेश की जनता का उत्पीड़न हो रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है। नौजवानों को नौकरी नहीं मिल रही है और वह बेरोजगार घूम रहा है। भाजपा सरकार में अपराध रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अपराधी बैखौफ होकर अपराध कर रहे हैं। अलीगढ़ में चार मुसलमानों को गौरक्षा दल के लोगों ने रिश्वत न देने पर बेरहमी से पीटा। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। ऐसे अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा सरकार देश का माहौल खराब करना चाहती है। प्रदेश की जनता को भाजपा नेताओं के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी धर्मो के लोगों को एकजुट होकर आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बना कर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता सरफराज सिद्दीकी, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरीसी, वाजिद मलिक, शिव कुमार यादव, बिरेंद्र सिंह यादव, राजेश सैनी, नाथूराम सैनी आदि मौजूद थे।

**बेदखली सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मौ. शावेज मेरे कहने व सुनने में नहीं है। मैं इसकी हरकतों से तंग आ चुका हूं। इसलिए मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं उसके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं होऊंगा। अब मेरा उससे कोई वास्ता नहीं है। **मौ. इकराम पुत्र मौ. हनीफ निवासी मौहल्ला खुराड़ा, थाना शेरकोट, जनपद-बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सैफ अली लतीफ अंसारी निवासी रुम नं.-1, नेहरू नगर, शहर पाइप लाइन पेट्रोल पम्प के सामने अंधेरी ईस्ट मुम्बई, महाराष्ट्र-400099 पिछले कुछ समय से अवज्ञाकारी हो गया है और गलत लोगों के साथ उठना बैठना है तथा गलत लोगों की संगत में रहकर आएदिन मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा लोगों से कर्ज लेकर कर्ज वालों को वसूली हेतु मेरे पास भेजता है। समझाने पर कतई सुनवा नहीं होता है। इसलिए मैं तंग आकर सैफ अली को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मैं व मेरा परिवार सैफ अली के गलत कृत्य अथवा लेन-देन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **लतीफ अंसारी पुत्र हकीमुद्दीन निवासी हाऊस नं.**-252, **गली नं.**-04 **मदीना मस्जिद के पास, गुलाबी बाग ढिब्बा रोड, कक्का लुधियाना, पंजाब,** 141007 **हाल निवासी ग्राम जमालपुर, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.)**

# स्विमिंग पूल में आनंद ले रहे बच्चे

## समर कैम्प के तीसरे दिन थिएटर में देखी मूवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल धामपुर में समर कैंप का तीसरा दिन रहा है, जिसमें बच्चों ने पिकनिक तथा थिएटर का आनंद लिया।

कक्षा प्ले से कक्षा 3 तक के बच्चों ने थिएटर में जंगल मूवी व डोरीमोन मूवी देखी। बच्चों ने मूवी में बहुत ही आनंद लिया। कक्षा 4 से 12 तक के बच्चों के लिए स्कूल की तरफ से धामपुर जंक्शन (माइक्रो फैक्ट्री) में पिकनिक का आयोजन किया गया। जहां पर बच्चों ने पूल में स्विमिंग, झूला व बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों का भरपूर आनंद लिया। तत्पश्चात अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ लंच किया। जिसके बाद सभी बच्चों ने वहीदा रहमान की स्टूडियो में भ्रमण किया। स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने बताया कि पिकनिक का उद्देश्य बच्चों में खेलकूद के साथ मस्ती करना एवं व्यावहारिकता व संगठन की भावना का विकास करना होता है। जिसमें हिन्दू रक्षा सेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने बच्चों को वहीदा रहमान के बारे में बताया। प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने भी बच्चों के साथ पिकनिक पर जाकर उनका मनोबल बढ़ाया तथा एंजॉय किया। शिक्षकों में पंकज, दीपक, हिमांशु, एवं शिक्षाओं में कुसुम, अंशु छाबड़ा, रविता, कंचन, तरन्नुम, ईशा, नसरीन, आंचल, प्रिया, जैनब, वंदना, अंशु पाल, शिवानी, खनक, अनीता, अमिता आदि ने भी अपना पूर्ण सहयोग देकर बच्चों के साथ समर कैंप का आनंद लिया।

## बजरंग दल नेता पर फायर झोंका बाल-बाल बचे

**हल्दौर।** मोहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल कार्यकर्ता पर देर रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने तमंचे से दो बार फायर किया। वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित की ओर से थाने में तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक शिवम वर्मा रविवार की रात बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से निकले। आरोप है कि थाने के निकट बल्दिया मार्ग के पास एक आम के बाग के निकट हमलावरों ने उन तमंचे से फायर कर दिया। हमलावरों द्वारा दो बार फायर करने के बावजूद वह बाल-बाल बच गए। फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आरोपी बजरंग दल नेता को भुगत लेने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कांबिंग की। लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नगीना में मौसम की मार, कहीं बिजली गुल, तो कहीं पानी के लिए हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर सहित तहसील क्षेत्र में रविवार सुबह एकाएक बदले मौसम के बाद आंधी आई। इसके थमते ही तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। करीब पौना घंटे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। इस दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेड़ों और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शहरी व ग्रामीण सर्कल के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति अस्त व्यस्त रही। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण बिजली निगम कार्यालयों में फोन घनघनाते रहे। हालांकि कितने खंभों और पेड़ों को नुकसान पहुंचा इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।



नगर में सुबह हल्के बादल नजर आए, लेकिन अचानक तेज हवा चलने लगी और बूंदाबांदी शुरू हो गई। हवा तेज होने के साथ ही मोटी बूंदे गिरने लगी। इससे पहले बिजली विभाग ने एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया। कुछ स्थानों पर पेड़ व टहनियां बिजली तारों पर गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग के कर्मचारी सारा दिन इधर उधर लाइनें दुरुस्त करने में लगे रहे।

उधर जल निगम मुरादाबाद द्वारा नगर में बिछाई गई नई पाइप लाइनों के टेस्टिंग का काम चल रहा है, जिसके कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। इसके अलावा गर्मियों में पानी की अधिक मांग के चलते सप्लाई संसाधन ओवरलोड होने के कारण बार बार खराब होने और उनके मरम्मत का कार्य चलने के कारण कई दिन से कुछ क्षेत्रों में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

इधर कुछ दिनों से एक इत्तेफाक और नजर आया कि कई बार पानी सप्लाई के टाइम पर अचानक बिजली चले जाने से लोग पानी भरने से महरूम रहे।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक का पैर कटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील फाटक के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक का बायां पैर कट गया। घटना बीती रात करीब 11 बजे की है। घायल युवक की पहचान स्योहारा के रहटौली गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची। टीम ने एंबुलेंस की मदद से घायल को धामपुर सीएचसी पहुंचाया।

डॉ. मानस चौहान ने युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बिजनौर रेफर कर दिया। युवक के सिर में भी गंभीर चोट आई है। जांच में पता चला कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। स्योहारा से धामपुर तक वह कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की खबर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे।

# दिशा के छात्रों ने किया शैक्षिक भमण

## बीएचईएल में हासिल की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स धामपुर के प्रबंधन विभाग के छात्रों ने बीएचईएल (हरिद्वार) का शैक्षिक भ्रमण किया। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित किया गया। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने छात्रों को भ्रमण के लिए बीएचईएल (हरिद्वार) रवाना किया।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा और वे उद्योग जगत की बेहतर समझ विकसित कर सकेगें। संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि बीएचईएल जैसे प्रतिष्ठित उद्योग का भ्रमण छात्रों के कैरियर के लिए लाभकारी साबित होगा। रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व, विकास और भविष्य की तैयारियों में सहायक होते है। अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने बताया कि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी छात्रों की सफलता की कुंजी है, इस भ्रमण से उन्हें वह अवसर मिला। छात्रों ने बीएचईएल के मुख्य निमार्ण संयंत्र हीप का अवलोकन किया, जहॉ ट्रेनर राजकमल ने उन्हें निर्माण प्रक्रिया, मशीन शॉप्स एवं उत्पादन कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। लाइट मशीन शॉप में छात्रों ने शिफ्ट समय, कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं आदि से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उन्हे संतोषजनक उत्तर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख डा. समीर अहमद, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया एवं फैकल्टी नाजिश भी उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

# 28वां हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई को

## समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत नगीना के बैनर तले होने जा रहे 28 वे हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई।

यह जानकारी वरिष्ठ पत्रकार अध्यक्ष डॉ. रतेंद्र बिश्नोई व महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी व कार्यक्रम संयोजक मनोज वाल्मीकि ने जारी एक संयुक्त बयान मे दी। जारी बयान में बताया गया कि प्रगतिशील पत्रकार संघ पंजीकृत के बैनर तले होने जा रहे 28वे हिंदी पत्रकारिता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रहा है। इस अवसर पर मीडिया का बदलता स्वरूप विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन 30 मई शुक्रवार की शाम सात बजे से हर वर्ष की भांति एमएम इंटर कॉलेज नगीना के मैदान में आयोजित किया जा रहा है। विचार गोष्ठी समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्र चौधरी सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन एवं पूर्व संपादक अमर उजाला, सुधीर कुमार चौहान सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन एवं रिटायर्ड डीआईजी रहेंगे। मुख्य वक्ता डॉ. पंकज भारद्वाज संपादक सांध्य दैनिक पब्लिक इमोशन तथा ज्योति लाल शर्मा ब्यूरो चीफ राष्ट्रीय सहारा समूह एवं जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत उत्तर प्रदेश होंगे। विशिष्ट अतिथि शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष नगर पालिका संघ बिजनौर, अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री भाजपा एवं भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी भाजपा जिला अध्यक्ष समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपरोक्त तीनों पत्रकारों डॉ. रतेन्द्र विश्नोई, धर्मेंद्र चौधरी व मनोज वाल्मीकि ने जनपद बिजनौर के समस्त पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में शामिल होकर उसे सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील पत्रकार संघ पंजीकृत के बैनर तले पिछले 27 सालों से हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह मनाते चले आ रहे हैं और इस 28वे हिंदी पत्रका. रिता दिवस समारोह को और भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

# आधार कार्ड ठीक कराने को भटक रहे लोग: मुजीबुल हसन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़कर हिस्सा लेने वाले वरिष्ठ समाजसेवी मुजीबुल हसन ने नगर के लोगों की चिंता करते हुए कहा है कि आधार कार्ड नगर के लोगों के लिए एक ऐसी समस्या बन गई है जिसको लेकर नगर वासी लगातार लाइन लगाकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग व सरकारी कर्मचारी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

मुजीबुल हसन ने कहा कि नगर से सटे ग्राम खलीलपुर में डाकघर में ही एकमात्र आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं लेकिन वहां नगर में क्षेत्र के लोगों की लंबी-लंबी कतारे लगी रहती है और लोगों को 20 दिन से लेकर एक महीने तक का समय मिलता है। उसके बाद जाकर लोगों की समस्याओं का हल होने की कोई संभावना बनती है, जो बहुत ही चिंता का विषय है। मुजीबुल हसन ने कहा कि आज बिना आधार कार्ड के कोई भी काम नहीं हो सकता। आधार के बिना हर कोई मानो आधारहीन है, इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि आधार बिन सब सून। सरकारी अर्द्धसरकारी और निजी संस्थाओं में हर जगह आधार कार्ड अनिवार्य बना दिया गया है। मगर आधार कार्ड में नाम, जन्म तारीख या अन्य छोटी-मोटी गलतियों में सुधार कराने में दिक्कत होती है। इसके लिए लोग परेशान रहते हैं। कई बार वे आधार केंद्र पर भटकते रहते हैं। कोई भी सुनने और मदद करने वाला नहीं होता। आधार में जो भी त्रुटियां हैं उन्हें समय-सीमा में दुरुस्त करने के लिए साफ्टवेयर को अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि नागरिक परेशान न हों। जब सरकार ने इसे हर काम में अनिवार्य कर दिया है तो आधार कार्ड में सुधार सहजता से होना चाहिए। नगर स्योहारा में एक डाकघर हुआ करता था लेकिन लगभग 3 वर्ष पूर्व से वह डाकघर भी ग्रामीण क्षेत्र में चला गया और आधार कार्ड डाकघर में ही नाम में परिवर्तन एवं नए आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। शहर के लोगों को वहां तक पहुंचने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुजीबुल हसन ने कहा कि आधार कार्ड बनाने के लिये और स्थान पर मशीन लगाई जाए तो नगर व क्षेत्र के लोगों को होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकता है।

# प्रो. डॉ. आफताब आलम रिजवी का निधन

## शिक्षकों और शिक्षण संस्थाओं में छाया शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मोहल्ला सरायरफी फीना कॉलोनी निवासी डॉ. आफताब आलम रिजवी (गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय चांदपुर के पूर्व प्रोफेसर) का आज इंतकाल हो गया है। उनके निधन का समाचार सिटी मे आते ही बड़ी संख्या मे उनके साथी जूनियर सीनियर शिक्षकों, शिष्यों एवं उनके बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने अपने रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं मगफिरत की।

गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक गणों एवं समस्त स्टाफ ने भी अपने गहरे रंजा. 'गम का इजहार किया। उधर शहर में कांग्रेस नेता शेरबाज पठान, डा. विकास तोमर, डॉ. लाखन सिंह चौधरी, डॉ. विपिन तोमर, हाजी अफजल कुरैशी, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर, बसपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी डॉ. शकील हाशमी, एमएम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल हाजी मोहम्मद ताहिर, शिक्षक काजी फिरोज अहमद, मसूद उल हसन उर्फ असद मियां, नजमुल हसन रिजवी, सपा नेता आमिर सिद्दीकी, मोहम्मद आरिफ एडवोकेट, मनोज कुमार अग्रवाल एडवोकेट पंप वाले, मास्टर खलीलुर रहमान, प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार, पंकज चौधरी, जुबेर अहमद ठेकेदार, सपा वरिष्ठ नेता जिला सचिव शेख रईस अहमद, भारत विकास समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह एडवोकेट, अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक हाजी मोहम्मद इल्तिफात, इफ्तिखार कुरैशी, पूर्व सभासद फुरकान उल हक हाशमी, रालोद वरिष्ठ नेता इरफानुद्दीन अहमद, सैयद कौसर अली मैनेजर मुस्लिम फंड ब्रांच चांदपुर, मोहसिन भूटानी, वसीम सैफी जिम वाले, मोहम्मद असलम मलिक ठेकेदार, मोहम्मद हनीफ पत्रकार, नसीमुद्दीन मनिहार, हाजी मोहसिन अंसारी, अजीम अहमद ठेकेदार, सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, बहार आलम आदि सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों, नेताओं आदि ने भी प्रो. डा. आफताब आलम रिजवी के निधन पर गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम के लिए दुआएं मगफिरत की।

उनके जनाजे मे बड़ी तादाद मे लोगों ने शिरकत की बाद नमाज ए जौहर उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## एक नजर

### भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना समाप्त



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का ब्लॉक जलीलपुर के उलेढ़ा बिजलीघर पर बिजली कटौती का विरोध करते हुए समय पर बिजली आपूर्ति करने व कई अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन आज विभाग के अधिकारियों द्वारा किसान यूनियन नेताओं के बीच पहुंचकर आश्वासन दिए जाने के बाद समाप्त हो गया। यूनियन के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने बताया कि आज बिजलीघर उलेढ़ा पर मनदीप कुमार, मोनू चौधरी, विपुल कुमार, जोगिंदर सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, आनंदपाल, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, विनीत कुमार, संदीप कुमार, नितेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, जितेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह धरने पर उपस्थित रहे। दिस इस इसी बीच विद्युत विभाग के अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर यूनियन नेताओं की मांग को पूरी करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

### एसबीडी में योगाभ्यास कार्यक्रम




**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्देशित योगा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कु. नगमा परवीन असि.प्रो., शारी. रिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा योगाभ्यास कराया गया। महाविद्यालय में उपस्थित शिक्षक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं छात्रओं ने विभिन्न प्रकार के भ्रमरी, कपाल भाति, पदमासन, सूर्य नमस्कार जैसी योग क्रियाओं का अभ्यास किया। साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने छात्राओं को योग से होने वाले स्वास्थ लाभ से भी अवगत कराया तथा सभी से 'योग व स्वस्थ्य जीवन शैली' चर्चा करते हुए योग अपनाने पर बल दिया। छात्राओं में दीपिका, फिजा अन्जुम, सफिया, मीनाक्षी, सना रब, सुमायला, मुस्कान, फायजा, सफिया आदि उपस्थित रही।


### ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**धामपुर।** आज सुबह गांव हबीबवाला के पास स्थित रेलवे लाइन के निकट से कुछ ग्रामीण गुजर रहे थे। इस बीच उन्होंने रेलवे लाइन पर एक लगभग 50 वर्षीय महिला का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना उन्होंने जीआरपी को दी। इस पर जीआरपी मौके पर पहुंची। लेकिन मामला सिविल पुलिस क्षेत्र का होने के चलते थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि महिला रात में किसी समय ट्रेन से गिर गई थी। महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

## मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र एवं छात्राओं के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम,कोऑर्डिनेटर शालिनी एवं सतेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। समर कैंप में पूल पार्टी, डांस, क्रिकेट, योगा, लूडो, ताइक्वांडो, म्यूजिक, स्केटिंग, कबड्डी, खो खो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसारगतिविधियों में हिस्सा लिया। श्रीमती मीना सिंह छात्र-छात्राओं की गतिविधियों की सहाराना करते हुए बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के लिए ठंडे फलों व जूस का अधिक सेवन करने तथा बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन संचिता वर्मा एवं वैशाली कश्यप की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर सोनवीर सिंह, गजेय सिंह, सतीश कुमार, अर्शी अबरार, शिल्पी, अनु चौधरी, बालेश कुमार, रिंकू वर्मा, केशव कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने बैंकों में किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



## ग्राहकों से भी लिया फीडबैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्राधिकारी पुलिस अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने सोमवार को नगर के बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सीओ के नेतृत्व में चौकी लाल सराय प्रभारी उप निरीक्षक सोहन सिंह पुंढीर व पुलिस टीम के जवान बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्र एवं गोल्ड लोन कार्यालयों पर पहुंचे, जहां उन्होंने संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टीम ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का दौरा कर बैंक की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की। पुलिस ने बैंक के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद खाताधारकों से भी बातचीत की। उनसे बैंक की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम ने बैंकों के अंदर-बाहर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी और नई उम्र के युवकों से पूछताछ की गई। पुलिस ने बैंक प्रबंधकों से सीसीटीवी कैमरे, सायरन और सुरक्षा गार्ड की जानकारी ली। बैंक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। उन्हें सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। यह निरीक्षण बैंकों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए किया गया।

# भाजपा सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम: राज्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड के सभागार में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति अभियान के तहत विधानसभा का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन सोमवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश की सरकार महापुरुषों का हमेशा सम्मान करने का काम कर रही है तथा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।



विकासखंड के सभागार में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी स्मृत अभियान विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री माटी कला बोर्ड के ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार डबल इंजन के रूप में जनमानस के लिए बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। साथ ही सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। प्रदेश में केंद्र की सरकार ने देश के महापुरुषों का सम्मान हमेशा किया है। साथ ही आज भी कर रही है। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े स्तर पर अभियान के रूप में मना रही है। साथ ही अहिल्याबाई होल्कर के जीवन संबंधित अनेक जानकारी दी। उन्होंने बताया अहिल्याबाई होल्कर ने अपने पुत्र को पुत्र मोह में ना आकर सजा देने का भी काम किया था, उनके जीवन से सीख लें तथा देश में प्रदेश ग्राम पंचायत के विकास में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनमानस तक पहुंच करके क्रियान्वयन में पूर्ण सहभागिता करने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूर्व भारतीय थल सेना की मुस्लिम महिला को बिना किसी भेदभाव के जिम्मेदारी दी। साथ ही जिम्मेदारी के तहत उस अभियान में निष्ठा व लगन से कार्य किया। सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर सतत प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, राजीव सिसोदिया, अतुल मारवाड़ी, राकेश सैनी, दानवीर, पीयूष चौहान, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह, उदित चौधरी, तस्लीम अहमद, नरेश कुमार, अजहर अली, प्रशांत कुमार आदि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख तथा संचालन दर्पण रावल ने किया। राज्य मंत्री के पहुंचने पर फूल मालाओं से व स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया

**पुलिस ने लूट के आरोपों वाली स्कार्पियो बदायूं से की बरामद**

# भाजपा नेता के भाई की मुश्किलें और बढ़ीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा नेता के भाई की मुसीबते लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस पूर्व में लूटी गई स्कार्पियों को बरामद कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी विपुल गुप्ता पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कपिल सिंघल व उसके साथियों द्वारा जबरदस्ती वाहन संख्या यूपी 38 टी 7474 ( 14 टायरा) व वाहन संख्या यू पी 38 टी7676 (14 टायरा) व वाहन संख्या यू पी 38 टी 1737 (टेकर) अपने नाम जबरदस्ती डर व भय दिखाकर अपने लोगो के नाम करा लिये और वाहन संख्या यूपी 38 एफ 9001 (स्कार्पियों) व वाहन संख्या यूपी 21 एएच 3700 (बुलटमोटरसाईकिल) व वाहन संख्यायू पी 38 जे 7880 (यामहा मोटरसाईकिल) उसके नाम दर्ज हैं लेकिन भाजपा नेता के भाई कपिल सिंघल व भतीजे सार्थक सिंघल व उनके अज्ञात साथियों ने जबरदस्ती छीन अपने कब्जे में ले लिया था। इसके अलावा एक मकान व एक प्लाट भी जबरदस्ती अपने नाम करा लिये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल पर मु.अ.सं. 83ध25 धारा 318 (4), 336 (3), 338, 340 (2), 309 (4), 308 (5), 356 (2), 351 (2), 61 (2) भारतीय न्याय संहिता बनाम कपिल सिंघल आदि के विरूद्व पंजीकृत किया था। पुलिस ने वाहन य पी 38 एफ 9001 (स्कार्पियों) कवालपुर सराय से वीरपाल पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी सैदसराय थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं के कब्जे से बरामद कर लिया। पुलिस की और से जारी प्रेस नोट के अनुसार वीरपाल ने पूछताछ पर बताया कि उक्त गाड़ी को उसने करीब 01 साल पहले कपिल सिंघल पुत्र जानकी प्रसाद निवासी कोट पूर्वी थाना सम्भल जिला सम्भल से प्राप्त किया था। पुलिस गाड़ी को बरामद कर अग्रिम विधि क कार्यवाही में जुट गई है। गिरफ्तार करने में कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा थाना कोतवाली सम्भल।उ.नि. अंकुर तोमर हे.का. विकास कुमार, हे. का. अमित कुमार शामिल रहे।



सम्भल-राजस्व विभाग में भृष्टाचार के विरोध में एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते सेना कार्यकर्ता।

# राजस्व विभाग में भृष्टाचार के विरुद्ध सेना कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राजस्व विभाग में भारी भृष्टाचार के शिलाफ प्रर्दशन करते हुए पूर्व आईपीएस की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन किया और जिलाधिकारी के नाम प्रत्यावेदन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

प्रदेश महासचिव खिजर गाँस उर्फ गाँस भैया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रर्दशन किया। जबकि डीएम के नाम प्रत्यावेदन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए राजस्व विभाग में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी विभागों में राजस्व विभाग भ्रष्टाचार के मामले में काफी ऊपर है। आम नागरिक राजस्व विभाग के भ्रष्टाचार के कारण काफी पीड़ित और प्रताड़ित है। सुविधा शुल्क दिए बिना विरासत दर्ज करने, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, खसरा, किसान सम्मान शुल्क निधि सहित कोई भी काम नहीं हो रहा है। इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है और पूरी तरह मनमाना पन हावी है। लेखपालों द्वारा ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर अपात्र लोगों को पटटा देने का काम खुलेआम चल रहा है। प्रत्यावेदन में जिलाधिकारी को अपने अधीनस्थ राजस्व कर्मियों को इस संबंध में कठोर निर्देश देने के साथ राजस्व विभाग के संबंध में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को बहुत गंभीरता से लेते हुए उनकी सही जांच करवाए जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान जरीफ मिर्जा, शाहनवाज चौहान, फैजान खान, राजिब हुसैन, नौशाद शेख, किशनपाल, आसिफ एडवोकेट, मनोज कुमार, उस्मान खान, नसीम किदवई, दीपक वाल्मीकि, उमर खान, आदि उपस्थित रहे।

## राभद्रप का सम्मेलन

**सम्भल।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद भारत का मंडलीय अधिवेशन के डी के रिसोर्ट में आयोजित किया गया। जिसमें श्री कृष्णा युवा शक्ति ब्लड डोनर्स टीम 1001 को सम्मानित किया। कार्यक्रम में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, के.के मिश्रा, बृजेश देवेंद्र यदुवंशी, रविन्द्र कुमार ऊर्फ राष्ट्र यादव, दीवाना, होराम सिंह यादव, रूपकुमार यादव, किरनपाल यादव, सुभाष यादव, विरलेश यादव आदि मौजूद रहे।

# जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद भी ग्राम प्रधान बना हुआ है बेदाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विकास कार्य में की गई धांधली और अनियमित्ता मिलने के बाद भी ग्राम प्रधान बेदाग बना हुआ है जबकि तत्कालीन जिलाधिकारी के कारण बताओ नोटिस के बाद भी ग्राम प्रधान बेदाग बना हुआ है।

पंवासा विकास खंड के ग्राम विचपुरी निवासी सुनील पुत्र हरपाल सिंह ने डीएम से शिकायत कर पंचायत घर के निमार्ण कार्य में अद्योमानक सामग्री का प्रयोग करने के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय का फर्नीचर बिना नीलामी के बेचने और खड़ंजे की ईंटे उखाड़कर अपने निजी कार्य में प्रयोग करने के आरोप लगाए थे। शिकायत में लगाए गए आरोपों की तकनीकी जांच करने को डीएम मनीष बंसल ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं तकनीकी मूल्यांकन को अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,विकास खण्ड पंवासा को नामित किया गया था। गठित जांच टीम ने 09 मार्च 2024 को अपनी जांचाख्या में पंचायत घर की नींव की खुदाई कराकर जांच की गई तो नींव में प्रयुक्त की गई ईंट प्रथ्म दृष्टया साइट परीक्षण में अद्योमानक पायी गयी। साथ ही नींव की गहराई भी मानक के अनुसार नहीं पाई गयी थी। इसके अलावा पंचायत घर का लेंटर में प्रथम दृष्टया कोई सैग दृश्यामान नहीं पाया गया था। जबकि पंचायत घर का प्राक्कलन 13 लाख 43 हज़ार की तकनीकी स्वीकृति अधिशासी अभियंता ग्रा. अ. विभाग द्वारा दी गई रिपोर्ट में ग्राम सचिव संजीव द्वारा दिए गए अभिलेखों/माप पुस्तिका के अनुसार कार्य पर 13,12,209.00 का मापांकन किया गया। जबकि कार्य का मूल्यांकन के अनुसार 10,72,300.00 का पाया गया था। जांच में 2,39,900.00 की शासकीय धनराशि का दुरूपयोग कर वित्तीय अनियम्मिता की गई थी। इसके अलावा कार्यस्थल पर माप के अनुसार कार्य की लम्बाई 351.75 मीटर मिली और कार्य में प्रयुक्त ईंटे 25,254.00 की संख्या में उखाड़ी गई जबकि गिरराज के मकान से मेन सड़क तक खड़ंजा निर्माण कार्य प्रयोग की गई ईंटों की संख्या 19,952 पाई गई थी। मौके पर कार्य मे प्रयुक्त 25254 ईंटों के सापेक्ष 19952 ईंटे पाई गई, जिसके अनुसार 5302 ईंटों के अभिलेख व भौतिक रूप से ईंटों का उपभोग करने की स्थिति स्पष्ट नहीं मिलने पर ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को पूरी तरह दोषी होने के आरोप लगाए गए थे। इतना ही नहीं जॉब कार्ड संख्या 131 पर अनिल कुमार पुत्र हमवीर सिंह एवं राजू पुत्र हमवीर सिंह जॉब कार्ड संख्या 41 दर्ज था लेकिन इन दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है जो वर्तमान ग्राम प्रधान का पति की जांच में उक्त नामों से दोनो कार्ड बने मिले लेकिन डिएक्टिव थे साथ ही आरोप की पुष्टी हुई। जांच अधिकारी ने आरोप की पुष्टि करते हुए उक्त जॉब कार्ड धारक को धनराशि का भुगतान किये जाने पर सचिव ग्राम पंचायत को पूरी तरह दोषी ठहराया गया। उक्त जांच में लगाए गए आरोपों को एक साल का समय बीत गया। तत्कालीन डीएम मनीष बंसल ने ग्राम प्रधान रतनेश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। शिकायत कर्ता सुनील कुमार का आरोप है कि शिकायत की जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद भी ग्राम प्रधान पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि उसने जिले के आला अधिकारियों से लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी,लेकिन उसकी शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उसका आरोप है कि जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद भी ग्राम प्रधान बेदाग बना हुआ है। इस बाबत जानकारी के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी से सर्म्पक करने का प्रयास किया लेकिन हो नहीं पाया।

**O जिले के आला अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं कोई कार्रवाई**

## चांडोल नृत्य के साथ आयोजित हुई कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर की उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में छठे दिन चंडोल के साथ नृत्य की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कलाकारों ने चंडोल के सहयोग से नृत्य किया। कार्यशाला में कलाकारों को चंडोल गीतों पर प्रस्तुति दी। जिसमें हारमोनियम पर बालवीर और लक्ष्मी, सुनैना, ममता के द्वारा प्रशिक्षण को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर पीहू वर्मा, माही वर्मा, खुशी गौतम, प्रवेश, मिस्टी राजपूत, कार्तिक, सिद्वार्थ आरव, रागिनी, आदि रहे।



सम्भल- जिला मुख्यालय को बैठक करते हिजामं कार्यकर्ता।

# जिला मुख्यालय को लड़ेंगे आरपार की लड़ाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में जिला मुख्यालय को सम्भल का हक बताया और अपने हक के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का आहवान किया।

तिरंगा मार्केट स्थित शर्मा मेडिकोज पर आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में संभल विकास संघर्ष समिति के संचालक संजय गुप्ता पोली ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि जिला बनने से पूर्व सम्भल में ए डी एम और ए एस पी के दो पद सृजित थे। उसके बाद संभल की विकराल परिस्थितियों के दृष्टिगत जिला घोषित किया गया। लेकिन संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते हुए जिला मुख्यालय राजनीतिक की भेंट चढ़कर 25 किलोमीटर दूर बहजोई चला गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी संभल का महत्व स्थिति परिस्थिति और आवश्यकता सब जानते हैं। बस उनसे मिलकर सम्भल की आकांक्षाओं की पूर्ति करने का निवेदन किया जाएगा। और निश्चित रूप से जिला मुख्यालय सम्भल में स्थापित होगा। श्याम शरण शर्मा, विनोद कुमार अग्रवाल, रोहित कुमार, अमित शुक्ला, अमृतेश अवस्थी, रवि शंकर लाठे, सरिता गुप्ता, निखिल शर्मा, वैभव गुप्ता, अतुल कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, अमित वाष्णेय, राजेंद्र सिंह गुर्जर, सभासद महावीर सिंह, सुबोध शर्मा, संजीव सिंह, संजीव शुक्ला, प्रताप आर्य आदि ने सम्भल जिला मुख्यालय को सम्भल तहसील में स्थापित करने के लिए सम्भल का अधिकार बताया और इस अधिकार को लेने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामशरण शर्मा ने की तथा संचालन अजय कुमार शर्मा ने किया।

# धर्म के प्रचार प्रसार में माता अहिल्याबाई ने दिया योगदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत विधानसभा प्रतिनिधि सम्मेलन में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

सोमवार को जिला कार्यालय, एकता विहार कालोनी, पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्राफेसर मनन कौशल क्षेत्रीय संयोजक प्रकोष्ठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह एवं संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया। डा. नरेंद्र सिंह ने पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर जी को नमन करते हुए समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों उत्कृट कार्यो का विवरण करते हुए समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर मनन कौशल ने कहा कि पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर ने मंदिरों का निर्माण कराया और धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया। विशेष रूप से उन्होंने मंदिरों के निर्माण और पुनर्निर्माण के अनेक कार्य किए। इसके अलावा उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की। उन्होंने जल संरक्षण और संवर्धन के लिए कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया। सम्मेलन के संयोजक जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा, विपिन गुप्ता एवं पंकज गुप्ता जयप्रकाश गुप्ता मुकुल रस्तोगी संजय सांख्यधर सौरभ गुप्ता कशिश कौशल शोभित गुप्ता गोपाल शर्मा सुनील राजपूत महावीर जाटव गणेश शर्मा वंदना जितेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

**O भाजपा के जिला कार्यालय स्मृति में किया पंचायत सम्मेलन**

# घर की सफाई करते महिला को सांप ने डसा

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** घर की सफाई करते महिला को सर्प ने डस लिया। उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जायी गई युवती की मौत हो गयी।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्रन्तर्गत ग्राम दतावली निवासी खुशी यादव (23) पत्नी प्रेमवीर यादव रविवार की देर रात घर की सफाई कर रही थभ। अचानक उसे सांप ने काट लिया। सांप के काटने की सूचना पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के चिकित्साको ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

**O उपचार को ले जाते रास्ते में मौत**

## बच्चों को सिखाया गया नृत्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला** नगर के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल के दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को नृत्य की शिक्षा दी गई। सोमवार को स्कूल में नृत्य शिक्षिका मीनल अशोक ने बच्चों को नृत्य सिखाया। जिसमें बच्चों ने भाग लिया। इसमें कक्षा एन सी से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चे रहे। जिसमें राधिका, वंशिका अर्नीति, जयनिका, माहिरा, मरियम, संध्या, संचित, इब्राहिम, नित्यम, गौरीश, अदिति, दिव्यांश गौतम, विश्वनाथ इत्यादि बच्चों ने भाग लिया। सभी ने अलग अलग गानों पर नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धान किया। इस दौरान शिक्षिका सोनल शर्मा, मीनल, शबनाज, अंशू, विशाल, मोहित, अमित आदि मौजूद रहे।

## समर कैम्प का आयोजन

**सम्भल।** ग्राम भीकमपुर जैनी में स्थित टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में समर कैंप का आयोजन हुआ। समर कैंप का शुभारंभ यज्ञ से किया गया तत्पश्चात विद्यालय की संस्थापिका रेणुका देवी और ओमवती आर्य ने फीता काटकर कैम्प का उद्घाटन किया

# सैनिक बंधुओं की बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के अन्तर्गत सैनिक बंधु की बैठक में भूमि आवंटन व जमीन पैमाइश मामले पर चर्चा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक मे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर संदीप कुमार द्वारा पूर्व में हुई बैठक के कार्यवृत्त पर क्या कार्यवाही हुई उसको लेकर अपर जिलाधिकारी को जानकारी दी। जबकि बैठक के अन्तर्गत जिला सैनिक कार्यालय को शिफ्ट करने एवं कार्यालय की स्थापना वाले बिन्दु पर चर्चा की साथ ही शस्त्र लाइसेंस की एन ओ सी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में शहीद स्मारक एवं शहीद द्वार को लेकर भी चर्चा करते हुए बताया कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह ने बताया कि जनपद में 5 शहीद द्वार का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इनमें से 3 का लोकार्पण भी हो गया है। इस्लामनगर चौराहे के पास दुकान के आगे पुलिस चौक पोस्ट को हटवाने वाले बिन्दु तथा भूमि आवंटन तथा जमीन की पैमाईश वाले बिन्दु पर भी चर्चा करते हुए सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, चंद्रपाल सिंह, राजकुमार शर्मा एवं प्रभात कुमार गुप्ता तथा सोमवीर सिंह एवं अन्य सैनिक बंधु उपस्थित रहे।

# क्राफ्टिंग में दिया टेडी बेयर का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर की लेखपाल कालोनी में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। उड़ान एक नई पहल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं संस्कार भारती के तत्वावधान में 10 दिवसीय समर कैम्प में छठे दिन क्राफ्टिंग में टेडी बेयर बनाना की कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें प्रशिक्षक रागिनी द्वारा टेडी बेयर का प्रशिक्षण दिया गया। जबकि राजमाता अहिल्याबाइ होल्कर के जन्म उत्सव पर संस्कार भारती द्वारा देवी अहिलबाई होल्कर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें माही गुप्ता, रागनी, अर्णव वर्मा, ममता कुशवाहा, रश्मि, अनन्या आदि ने रंग भरो प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उड़ान संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने बताया कि इन सभी कलाकारों को कार्यक्रम के समापन पर प्रथम,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।



बबराला- समाजवादी पार्टी के सदभावना सम्मेलन में अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत करते।

# क्राफ्टिंग में दिया टेडी बेयर का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर की लेखपाल कालोनी में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। उड़ान एक नई पहल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं संस्कार भारती के तत्वावधान में 10 दिवसीय समर कैम्प में छठे दिन क्राफ्टिंग में टेडी बेयर बनाना की कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें प्रशिक्षक रागिनी द्वारा टेडी बेयर का प्रशिक्षण दिया गया। जबकि राजमाता अहिल्याबाइ होल्कर के जन्म उत्सव पर संस्कार भारती द्वारा देवी अहिलबाई होल्कर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें माही गुप्ता, रागनी, अर्णव वर्मा, ममता कुशवाहा, रश्मि, अनन्या आदि ने रंग भरो प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उड़ान संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने बताया कि इन सभी कलाकारों को कार्यक्रम के समापन पर प्रथम,द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।

# समर कैम्प में छात्राओं को दिया कम्प्यूटर का ज्ञान

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** नगर के सरस्वती कन्या उच्चतर माधयमिक विद्यालय में समर कैंप के षष्ठम् दिवस का मुख्य विषय कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी रहा।

इस विषय पर सभी छात्राओं को अभ्यास सहित कम्प्यूटर की विस्तार से जानकारी अध्यापिका अनुराधा ने स्मार्ट क्लास के माधयम से दी। उन्होंने छात्राओं की जानकारी का परीक्षण भी किया। समर कैंप के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम का आरंभ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए छात्रओं और शिक्षिकाओं ने योगा किया। उसके बाद पी.टी. हुई। मंच पर छात्राओं ने सिलाई कढ़ाई, खो-खो, कबडडी, बैडमिंटन आदि गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें छात्रओं का मार्गदर्शन शिक्षिका मीनाक्षी ने किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने मंच को संबोधित करते हुए बताया कि लड़कियां खेल के माधयम से कैसे अपना,माता पिता और देश का नाम रोशन कर रहीं हैं।कार्यक्रम में स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा पैदा करती है वैमनस्यता: शेरवानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर गुन्नौर के नेहरू चौराहे पर स्थित गार्डन में समाजवादी सदभावना सम्मेलन में पूर्व मंत्री सलीम शेरवानी व सांसद आदित्य यादव का सपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाल पहनाकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री सलीम शेरवानी ने कहा की सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी है। आगामी चुनाव में सपा को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। भाजपा देश व प्रदेश में वैमनस्यता की भावना पैदा करती है।
बदायूँ सांसद आदित्य यादव ने कहा कि हमारा सद्भभावना भाईचारा का कई दिनों से प्रोग्राम कई जिलों में चल रहा है।पूर्व मंत्री सलीम शेरवानी ने गुन्नौर के लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम किया है।सभी जातियों में भाईचारा जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक पीयूष रंजन ने कहा कि समाजवादी पार्टी आगामी चुनाव में बड़ी पार्टी बनेगी।भाजपा सरकार में युवा नोकरी व रोजगार को परेशान है। बीजेपी को उत्तर प्रदेश से हराना है और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को ही बनाना है। सांसद आदित्य यादव ने तेज प्रताप को आरजेडी से निकालने का मामले पर पूछने से लालू परिवार का निजी मामला बताया। आपरेशन सिंदर की दो सैन्य अधिकारियों की जाति धर्म बताने के रामगोपाल यादव के बयान पर सांसद ने कहा कि प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने ट्वीट कर स्पष्टीकरण दे दिया था।इसको लेकर जान बूझकर घमासान मचाया गया। देश व प्रदेश में महागठबंधन चुनाव में अच्छी सीटे हासिल करेगा। गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह,अमित यादव ने भी सम्बोधित किया।इस दौरान गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह, पूर्व मंत्री प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी,विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव, पीयूष रंजन यादव सतीश प्रेमी, तहिरउल्लाह खान, रामू यादव आदि रहे।

## निधन पर व्यक्त किया शोक

**बबराला।** नगर में शिक्षा के क्षेत्र में आर्य ज्ञान मंदिर के संस्थापक सुभाष चंद्र गाँधी के निधन पर शोक व्यक्त किया। नगर में उनके आवास पर जाकर उनके पुत्र नवनीत गाँधी को सांत्वना प्रदान की। पुत्र ने बताया कि वह बीमार थे। उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार राजघाट गंगाघाट पर किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में योगेश गुप्ता, विनय वार्ष्णेय, अमित कुमार, अनिल कुमार, मनीष, रवि, राकेश गुप्ता आदि रहे।

# अब निजि अस्पतालों में भी होगा टीकाकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अब प्राइवेट अस्पतालों में नवजात शिशुओं का मुफ्त टीकाकरण किया जाएगा। सभी टीकों का विवरण यूविन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

सोमवार को जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और प्राइवेट अस्पताल संचालकों के बीच बैठक हुई। एसीएमओ डा. पंकज बिश्नोई ने बताया कि संस्थागत डिलीवरी और टीकाकरण शासन की वरीयताओं में शामिल हैं। हमें इन उपलब्धियों को अर्जित कर विधिवत रूप से रिपोर्ट भी करनी है। इसी उद्देश्य से प्राइवेट अस्पतालों को सरकारी सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर नवजात शिशुओं का मुफ्त टीकाकरण कराया जाएगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डा. मनोज कुमार, संजीव राठौर, अरशद रसूल, निसार खान ने रिपोर्टिंग सिस्टम की विस्तृत रूपरेखा बताई। तय किया गया कि बुधवार को संभल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सम्भल में टीकाकर्मियों को यूविन पोर्टल पर रिपोर्टिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यचिकित्सा अधीक्षक डा. राजेंद्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. मनीष अरोरा, डा. नीरज शर्मा, डा. सुनील त्यागी, डा. राजेश अग्रवाल, डा. संजय वार्ष्णेय, डा. मुहम्मद उस्मान, डा. मु. उवैस, डा. अजय त्यागी, डा. मोहम्मद नासिर, डा. शहजाद आलम आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

**O विवरण यूविन पोर्टल किया जाएगा दर्ज**

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसायटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री निमित कुमार द्वारा संस्था प्राचीन जालेश्वर महादेव सेवा समिति,नेकपुर मुख्त्यारपुर पो. सघन मछरिया तहसील व जिला सम्भल का सम्भल दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. महेन्द्र सिंह संरक्षक, 2. निमित कुमार अध्यक्ष, 3.शोभित औलख उपाध्यक्ष, 4.चौ. परवीत सिंह-प्रबन्धक/सचिव, 5. दिवाकर सिंह उपसचिव, 6.रोविन कुमार कोषाध्यक्ष, 7.विपिन कुमार शर्मा, 8. मनप्रीत औलख, 9.अमित कुमार,10.अजयवीर सिंह, 11. कमल सिंह-सदस्य दर्शाये गये हैं अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा ओर गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबंधक

# सोने की तस्करी करने के चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## दुबई से पेट में छुपा कर लाए थे सोने के कैप्सूल, अपहरण के बाद हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।थाना मूंढापाण्डे पुलिस ने सोने के कैप्सूल गटक कर, तस्करी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर, कुल 27 कैप्सूल,( कीमत करीब 01 करोड़ रूपये) व 04 फर्जी आधार कार्ड एवं पास्पोर्ट बरामद किए हैं। बता दें कि बीती 23 मई वादी जुल्फेकार अली पुत्र अब्दुल कदीर निवासी मोहल्ला नज्जूपुरा, टांडा, जनपद रामपुर द्वारा यूपी-112 पर सूचना दी गई कि थाना मूंढापाण्डे क्षेत्रांतर्गत पुराना टोल, हाईवे के पास दिल्ली से आ रही अर्टिगा कार जिसमें कुल 7 व्यक्ति सवार थे को बोलेरो कार व स्विफ्ट डिजायर में सवार 5-6 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध असलहे तमंचों के बल पर रोका गया और कार सवार व्यक्तियों का अपहरण कर जंगल की ओर ले गये है । वादी जुल्फेकार मौका पाकर वाहन से कूदकर एक आवासीय क्षेत्र में पहुंचा और लोगों की सहायता से यूपी-112 पर कॉल कर सूचना दी। इस सूचना पर थाना प्रभारी मूंढापाण्डे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना के संबंध में वादी से जानकारी प्राप्त कर वादी को पुलिस के साथ थाने भेजा गया। थाना प्रभारी मूँढापाण्डे द्वारा पुलिस बल के अपहर्ताओं की सक्रियता से तलाश व चेकिंग के दौरान कार सवार दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया व इनके कुछ साथी मौका पाकर फरार हो गये,जिनके कब्जे से अपहृत अजरुद्दीन, जुल्फेकार, मुत्तलिब और शाने आलम आदि को सकुशल बरामद किया गया। घायल बदमाशो की पहचान तौफिक पुत्र मोहम्मद रफी निवासी रामपुर दौराहा, थाना कटघर, मुरादाबाद, रजा पुत्र फरमान निवासी हरिया वाला, इस्लामनगर, काशीपुर, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप मे हुई । जिनके कब्जे से अवैध 02 तमंचे , बोलेरो कार, स्विफ्ट डिजायर कर बरामद की गयी। घायल बदमाशों को उपचार हेतु सीएचसी मूंढापाण्डे में भर्ती कराया गया। पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को बताया था कि अपहृत व्यक्तियों के पेट में सोना छिपा हुआ है, जिसे वे तस्करी कर दुबई से लाए थे, और हम लोगो ने सोने के लालच में इनका अपहरण किया था।इसी क्रम में अपहृत सभी व्यक्तियों को जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर किया गया। जिला अस्पताल में सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। जिसमें 04 व्यक्तियों मुत्तलीब पुत्र मौ0 सुल.मान,अजरूद्दीन पुत्र मौ0 फारूख शाने आलम पुत्र सगीर अहमद जुल्फेकार पुत्र अब्दुल कदीर निवास.गण कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर के पेट में कुछ मेटल की धातु की आकृति के कैप्सूल दिखायी दिये, जोकि शरीर के अंग प्रतीत नही थे। उक्त चारो को जिला अस्पताल में चिकित्सको की निगरानी में रखा गया। जिला चिकित्सालय में फील्ड यूनिट को बुलाकर अभियुक्तगण के उपचार के सम्बंध में अवगत कराया। फील्ड यूनिट की मौजूदगी में तथा उपचार के दौरान मल के द्वारा सोने के कैप्सूल जोकि कुल 27 कैप्सूल बरामद किये गये। जिसका कुल वजन लगभग 1.058 किलोग्राम पाया गया। जिसकी भारतीय रूपयों में कीमत करीब 01 करोड़ रूपये है। तथा फर्जी आधार कार्ड एवं पास्पोर्ट भी पुलिस को बरामद हुये। पेट में सोना छुपा कर लाने वाले पकड़े गए चारों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोगो को हमारे फाईनेंसर लोग ट्रैवल वीजा पर दुबई भेजते है। वहां से सोने के कैप्सूल बिल पर खरीदते है। हवाई यात्रा में सोने के कैप्सूल पानी से गटक लेते है,



जिसके बाद केवल फल वगैरा खाते है तथा वहां से सोने की तस्करी कर मुम्बई एयरपोर्ट पर आते है जिसके बाद में घर जाकर हम लोग खाना-खाने( बिरयानी व कॉल्ड ड्रिंक पीने) के बाद दो-तीन दिन के अन्दर मल के साथ इन सोने के कैप्सूलों को बाहर निकाल लेते है और सोने के कैप्सूल को हम लोग धुलकर रख लेते है तथा अपना हिस्सा लेकर फाईनेंसर को दे देते है। हम सोने की तस्करी काफी दिनो से कर रहे है। इस सोने की तस्करी के लिये हमारे फाईनेंसर हमे रूपये उपलब्ध कराते है। इस काम के लिये हमे अन्य लोग भी मदद करते है। हम लोगो का एक संगठित गिरोह है, जिसमें फाईनेंसर, ट्रैवल एजेन्ट, डॉक्टर व कुछ अन्य लोग भी सम्मलित है। हमारे संगठित गिरोह द्वारा सुनियोजित तरीके से अवैध रास्ता चुनकर दुबई से सोने की तस्करी की जाती है।

जिससे हमारे गिरोह के सदस्यों को आर्थिक व अन्य लाभ प्राप्त होते है। जिससे हमारी पिछले वर्षो में काफी कमाई हुयी है।

# सीएमओ ने किया आदर्श टीकाकरण केन्द्र का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह जिला महिला अस्पताल, मुरादाबाद में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, टाउनहॉल पर आदर्श टीकाकरण सेन्टर का उदघाटन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आदर्श टीकाकरण केन्द्र को बनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों और माताओं को अच्छा वातावरण प्रदान करना है। आदर्श टीकाकरण केन्द्र में टीकाकरण हेतु प्रतीक्षारत बच्चों के लिए प्ले ऐरिया, माताओं के बच्चों के स्तनपान कराने हेतु उचित स्थान की व्यवस्था की गयी है। आदर्श टीकाकरण केन्द्र का उद्घाटन समारोह में श्रीमती निर्मला पाठक मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय, डा० संजीव बेलवाल जिला प्रतिरक्षण अधिकारी आदि अधिकारी गण उपस्थित रहें। आदर्श टीकाकरण केन्द्र की स्थापना में मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय, स्वास्थ्य विभाग एवं सहयोगी संस्था जे०एस०आई० तीनों का अथक सहयोग रहा। इस अवसर पर पर दीक्षा स्टाफनर्स, श्री अतुल कुमार सहायक शोध अधिकारी एवं श्री कार्तिकेय विश्नोई जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर आज होगी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

**कांठ।** तहसील बार के होने जा रहे चुनाव को लेकर आज 108 अधिवक्ताओं की मतदाता सूची बोर्ड पर चश्पा कर दी गई एल्डर कमेटी के सचिव शहजाद रफी ने बताया कि आज मंगलवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी। बतादे की तहसील बार के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब ने कार्यकारिणी भंग करते हुए एल्डर कमेटी का गठन कर दिया था जिसमें महावीर सिंह अध्यक्ष शहजाद रफी सचिव और संजीव बिश्नोई को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। आज कार्यकारिणी ने उन्हें 108 अधिवक्ताओं की सूची उपलब्ध कराई जिसे उन्होंने बोर्ड पर चश्पा कर दिया उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को आपत्ति आने के बाद दोपहर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करने के उपरांत चुनाव कार्यक्रम भी घोषित कर दिया जाएगा। इस मौके पर महावीर सिंह शहजाद रफी संजीव बिश्नोई आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# प्यासों को शरबत पिलाकर दिया समाज सेवा का संदेश

**कांठ।** गर्मी के दौरान प्यासों की प्यास बुझाने के लिए रामलीला मैदान के सामने सर्वत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिन भर लोगों को सरवत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम अन्य लोगों को भी जगह-जगह करने चाहिए इससे जहां लोगों को गर्मी से राहत मिलती है वही समाज सेवा करने का संदेश भी दिया जाता है। इस अवसर पर विकास ठाकुर उर्फ विक्की, विपुल ठाकुर, नीरज चौहान, राजू चौहान, पंकज ठाकुर,सोनू चौहान,अमित कश्यप, विशाल कश्यप,आलोक ठाकुर, ताराचंद ठाकुर,सनी कश्यप, पारुल चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।



# पाइप पेयजल परियोजनाओं को लेकर समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर जल योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिले में हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्यदाई संस्था एनकेजी प्राइमस 393 तथा एलसी इंफ्रा 210 परियोजनाओं पर कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यदाई संस्थाओं की प्रगति के बारे में परियोजनावार विस्तृत जानकारी ली और अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन (ग्रामीण) श्री फराहीम अहमद को निर्देशित किया कि दोनों कार्यदाई संस्थाओं के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करें और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्यदाई संस्थाएं बाध्य होंगी। जिलाधिकारी ने संस्था एनकेजी प्राइमस की खराब कार्य प्रगति को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि 15 जून तक यदि 250 परियोजनाओं के माध्यम से जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हुई तो भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली इस योजना के क्रियान्वयन में संस्था की लापरवाही मानने हुए संस्था का अनुबंध समाप्त करने के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। दूसरी कार्यदाई संस्था एलसी इंफ्रा द्वारा फेज 2 के अंतर्गत 210 परियोजनाओं पर कराए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में भी समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि 153 परियोजनाओं पर एक सप्ताह में जलापूर्ति प्रारंभ हो जाए तथा शेष परियोजनाओं को साप्ताहिक लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि वे विभाग के अंतर्गत जनपद में



तैनात सभी जेई को जिम्मेदारी सौंपे कि वे विकास खंड वार लंबित परियोजनाओं का भ्रमण करके उनकी भौतिक स्थिति एवं संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं को चिन्हित करते हुए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी खंड विकास अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे अपने विकास खंड में निर्माणाधीन पेय जल परियोजनाओं का निरीक्षण करें ताकि स्थानीय स्तर पर छुटपुट समस्याओं का समाधान हो तथा यथाशीघ्र परियोजनाओं का संचालन प्रारंभ हो सके।

# कोविड ने बताई उच्च शिक्षा में डिजिटल दक्षता की अहमियत

## टीएमयू के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा की ओर से शिक्षा में नवोन्मेषी शिक्षण रणनीतियों और अनुसंधान दक्षताओं का एकीकरण पर दो दिनी कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा की ओर से शिक्षा में नवोन्मेषी शिक्षण रणनीतियों और अनुसंधान दक्षताओं का एकीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला में डिजिटल टूल्स एंड ई-लर्निंग प्लेटफार्म्स इन मॉर्डन एरा एजुकेशन, टाइप्स ऑफ रिसर्च एंड रेलेवेंशइन क्लिनिकल प्रैक्टिस, रोल ऑफ एजुकेटर्स इन फोसटरिंग क्रिटिकल थिंकिंग, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग ऑन: एआई टूल्स फॉर स्मार्टर टीचिंग एंड लर्निंग, केस स्टडी सिनेरियो ऑन एविडेंस-बेस्ड प्रैक्टिस इन क्लिनिकल रिसर्च पर व्याख्यान हुए। सत्र का समापन प्रतिभागियों के इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने शोध प्रस्ताव कैसे लिखें, डेटा संग्रहण की नैतिकता, और छात्रों के लिए शोध में प्रारंभिक कदम जैसे विषयों पर जिज्ञासाएं साझा कीं। कार्यशाला के समापन सत्र में टीपीसीओएन की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन ने धन्यवाद दिया। उन्होंने उम्मीद जताई, इस वर्कशॉप से प्रतिभागियों की सोच में एक नवाचारात्मक दृष्टिकोण और अनुसंधानात्मक दृष्टि विकसित हुई है, जो भविष्य की नर्सिंग शिक्षा और अभ्यास को एक नई दिशा देगा। वर्कशॉप में नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। टीएमयू आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. निशीथ कुमार मिश्रा ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली में डिजिटल उपकरणों और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोविड-19 के बाद डिजिटल शिक्षा एक अनिवार्यता बन चुकी है और शिक्षकों को इसके प्रति तकनीकी रूप से दक्ष होना आवश्यक है। उन्होंने गूगल क्लासरुम, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स जैसे प्लेटफॉर्म्स के प्रयोग का सुझाव दिया। डॉ. मिश्रा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षा उपकरण, ऑनलाइन असेसमेंट टूल्स और उनकी वैधता, फ्लिप्ड क्लासरूम और हाइब्रिड लर्निंग के लाभ पर भी विस्तार से चर्चा की। अनुसंधान एवं विकास के एसोसिएट डीन डॉ. पीयूष मित्तल ने अनुसंधान के विविध प्रकारों और उनकी नैदानिक अभ्यास में उपयोगिता को बताते हुए कहा कि एक कुशल नर्सिंग पेशेवर न केवल रोगी की देखभाल करता है, बल्कि वह एक ज्ञान निर्माता भी होता है, जो अपने अनुभवों और निरीक्षणों को अनुसंधान के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र में योगदान देता है। उन्होंने मात्रात्मक अनुसंधान, गुणात्मक अनुसंधान, मिश्रित विधियां, अन्वेषणात्मक, वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक, और अनुवीक्षणात्मक अध्ययन की भी विस्तार से चर्चा की। डॉ. मित्तल ने कहा, रोगी सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण, दर्द प्रबंधन, रोगी शिक्षा आदि नैदानिक अभ्यासों में अनुसंधान महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पीआईसीओटी मॉडल की विस्तार से व्याख्या करते हुए रिसर्च क्वेश्चन बनाने की प्रक्रिया भी बताई। सीटीएलडी के डायरेक्टर डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, शिक्षकों को अब पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से आगे बढ़ते हुए छात्रों को विचारशील, विश्लेषणात्मक और समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने विश्लेषण, मूल्यांकन, निष्कर्ष, केस स्टडी, समूह चर्चा, डिबेट, कक्षा में सक्रिय सहभागिता का महत्व, मूल्यांकन पद्धति में बदलाव और छात्र-केंद्रित शिक्षा पर



विस्तार से चर्चा की। टीपीसीओएन की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन ने प्रतिभागियों को विभिन्न डिजिटल और एआई आधारित शिक्षण टूल्स जैसे- चौटजीपीटी, कैनवा, कहूत, क्विज, कस्टमाइज्ड कंटेंट निर्माण के लिए एआई टूल्स का प्रयोग, इंटरएक्टिव क्लासरूम के लिए एआई आधारित प्रेजेंटेशन एंड टेस्ट, छात्र सहभागिता बढ़ाने के लिए गेमिफिकेशन तकनीक आदि के प्रयोग की ट्रेनिंग दी। डॉ. टी. सेंथिल ने प्रतिभागियों को एबिडेंस बेस्ड प्रैक्टिस-ईबीपी की अवधारणा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में उच्च गुणवत्ता की देखभाल का आधार बन चुका है।

सर्वोत्तम अनुसंधान साक्ष्य, चिकित्सकीय विशेषज्ञता और रोगी की प्राथमिकताएं ईबीपी के तीन स्तंभ हैं। डॉ. सेथिल ने एक काल्पनिक नैदानिक परिदृश्य के जरिए प्रतिभागियों की आलोचनात्मक सोच, टीम वर्क और शोध में साक्ष्य की भूमिका को व्यावहारिक रूप समझाया।

कार्यशाला में आईआईसी समन्वयक मुकुल कुमार, सुश्री शालू उपाध्याय, सिद्धेश्वर अंगड़ी, सुश्री दीक्षा यादव, श्रीमती अंकिता चौहान, सुश्री दीक्षा शर्मा, सुश्री पारुल गिल, सुश्री शशी, सुश्री छाया राठौर आदि की मौजूदगी रही।

## एक नजर

### समर कैंप में विद्यार्थियों को मिला तकनीक और योग का समन्वित ज्ञान

**मुरादाबाद।** फलाहे दारैन इंटर कॉलेज, मुरादाबाद में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के अंतर्गत सोमवार को आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य और तकनीकी दक्षता, दोनों ही क्षेत्रों में विशेष जानकारी दी गई। पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता उत्साहजनक और अनुशासित रही। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अध्यापक आकिल हसन एवं जाहिद हुसैन द्वारा कराए गए योग एवं



व्यायाम सत्र से हुई। इस सत्र में विद्यार्थियों ने प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं लयबद्ध शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से न केवल ऊर्जा प्राप्त की, बल्कि अनुशासन, संतुलन और दैनिक अभ्यास की आवश्यकता को भी समझा। इसके पश्चात विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक जुल्फिकार अहमद ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा से संबंधित एक ज्ञानवर्धक सत्र प्रदान किया। उन्होंने कंप्यूटर के विभिन्न भागों की कार्यप्रणाली, टूल्स का उपयोग, टाइपिंग अभ्यास, वीडियो एडिटिंग, कार्टून निर्माण तथा डिजिटल रंग भरने जैसे व्यावहारिक विषयों को सरल एवं सजीव उदाहरणों के माध्यम से समझाया। यह सत्र छात्रों के लिए अत्यंत रोचक और प्रेरक रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रफीउद्दीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर केवल तकनीकी साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, संचार, और सृजन की एक अनिवार्य भाषा बन चुका है। उन्होंने बच्चों को डिजिटल साक्षरता और व्यावसायिक कौशलों को नियमित अभ्यास से जोड़ने की प्रेरणा दी। शिविर की इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को केवल विषयवस्तु की जानकारी ही नहीं दी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और समकालीन तकनीकों की समझ से भी समृद्ध किया। शिक्षकों का मार्गदर्शन और विद्यालय का समर्पण यह स्पष्ट करता है कि शिक्षा अब केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की दिशा में सक्रिय प्रयास है।

### पॉपकार्न मेकिंग मशीन की ऑनलाइन 28 मई तक बढ़ी

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में 10 पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण किये जाने का मुख्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण हेतु भुर्जी समाज के परम्परागत कारीगरो एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियो को चयन उपरान्त पॉपकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वित.रित की जायेगी। लाभार्थियो के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर नचाअपइण्हवअण्पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आबंटन'' के नाम से अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 28.05.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा तद्पश्चात् मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को निःशुल्क मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

### दहेज को लेकर महिला का उत्पीड़न पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बिशनपुर निवासी हुमा की शादी 06 जनबरी 2018 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मौ० उमर पुत्र मोम.ीन शाह निवासी ऊमरी कला, थाना कांठ के साथ हुई थी जिसमे हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया गया लेकिन ससुराल में पति मौ० उमर सास नाजरा, देवर जफर, आदिल व आलम पुत्रगण मोमीन शाह व नन्द-नाजरीन पुत्री मोमीन शाह निवासी ऊमरी कला, खुश नही थे और अक्सर कम दहेज के ताने मारकर बुरी तरह मारपीट करते थे। और दहेज में 5 लाख रु0 की मांग करते रहते थे। इसी दौरान उसके दो बच्चे उत्पन्न हुये मगर ससुरालजनो का उत्पीड़न कम नहीं हुआ और देवर ने भी आए दिन छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। सास की हरकतों की शिकायत पति से की तो उसने मारपीट करते हुए तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता तभी से अपने मायके में रहकर इस रिश्ते के बने रहने का इंतजार करती रही आखिर में निराश होकर उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### इमरजेंसी सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पायलट

**बिलारी।** मुरादाबाद जनपद में 108 एवं 102 कर्मचारियों के द्वारा सोमवार को पायलट दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर एम्बुलेंसों में तैनात पायलट ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराकर बधाई दी। 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र सिंह जिला प्रभारी कौशल किशोर, दीपक सिंह ने बताया कि ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से 26 मई को पायलट दिवस मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में आज के दिन पायलट दिवस मनाया जा रहा है।



पायलट एम्बुलेंस सेवा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पायलट 108 एवं 102 एम्बुलेंस में मरीजों की जान बचाने के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। वह ना केवल मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाते हैं बल्कि आपदा एवं आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ईएमटी आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सेवाएं देकर उनकी जिंदगी बचाने का महान कार्य करते हैं। एम्बुलेंस सेवाओं में पायलट की भूमिका महत्वपूर्ण है वे समय से अस्पताल पहुंचाते हैं। मुसीबत के समय निःस्वार्स्थ भाव से सेवाएं देकर वे समाज में बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहे हैं।

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र फईम व पुत्रवधू श्रीमती रक्शन्दा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती शाहिदा पत्नी स्व. अमीर दूल्हा निवासी जयंतीपुर कचोदन के पास थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र बंटी सैनी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में बंटी सैनी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती गीता सैनी पत्नी श्री रामपाल निवासी झाझंनपुर हरथला थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद।**

# मेडिकल स्टोर पर खुलेआम मिल रही नशे व गर्भपात की दवा

## नशे की गोलियां–कैपसूल और इंजेक्शन 20 से 30 गुना मूल्य पर किया जा रहा है कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मेडिकल स्टोर पर धड़ल्ले से गर्भपात और नशे की दवाओं की बिक्री की जा रही है। स्वास्थ्य मानकों को दर. कनार कर बिना चिकित्सकीय परामर्श के ही इनकी बिक्री हो रही है। नशे का अवैध कारोबार आखिर किस के संरक्षक में चल रहा है। विभिन्न रोगों में काम आने वाली कई दवाओं में हल्का नशा भी होता है। लोग इनकी खुराक बढ़ाकर नशा करने में प्रयुक्त करते हैं।डायजापाम, एल्प्राजोलाम और स्पास्मो प्रोक्सीवोन इसी श्रेणी की दवाएं हैं। इनका दुरुपयोग रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बिना चिकित्सकीय परामर्श के इनकी बिक्री पर रोक लगाई हुई है। वहीं स्टोर संचालक को इनकी बिक्री का पूरा रिकार्ड रखना होता है। ड्रग डिपार्टमेंट की लापरवाही और मनमानी से नगर में नशा का धंधा धड़ल्ले से फल–फूल रहा है। नशे की दवाओं के साथ ही गर्भपात की दवाओं की भी खुलेआम बिक्री की जा रही है। साथ ही नशीले पदार्थों के इंजेक्शन भी धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

नियमों की सबसे ज्यादा अनदेखी नगर के मेडिकल स्टोर पर की जा रही है।गर्भपात की किट एक से डेढ़ हजार रुपये में बिक रही है। इसी तरह से नशे की गोलियां–कैपसूल और इंजेक्शन 20 से 30 गुना मूल्य पर मिल रहे हैं। इनकी सबसे ज्यादा बिक्री क्षेत्रों में की जा रही है। स्टोर संचालक मनमाने तरीके से इनकी बिक्री करते हैं। गर्भपात की किट चार–पांच महीने तक की गर्भवतियों को दी जा रही हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई भी ठोस कदम नही उठाया गया है।

## नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शांति व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की हैं। सोमवार को कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह,के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर में कोतवाली चौराहा , बुधबाजार , पुरानी घास मंडी बाजार गंज कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की इस दौरान फ्लैग मार्च में विपिन कुमार , बलराम दीक्षित,, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोड़ा, कांस्टेबल मनीष कुमार, राजू कुमार,योगेश कुमार ,मोनीष राठी गौरव कुमार, परविंदर कुमार, रजत बालियान, सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नाला निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग करने का आरोप एसडीएम से शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में भाजपा कार्यकर्ता ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा नगर के वार्ड नंबर 19 में नाले का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें मानक के अनुसार सामग्री न लगाकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें भाजपा नेता नागेंद्र लांबा ने उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह से मांग की है कि निर्माण रुकवा कर मानक के अनुसार सामग्री लगवाने की मांग की है।



का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराकर जांच कराए जाने की मांग की है। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता नागेंद्र लांबा ने उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को शिकायती पत्र देकर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे नाले के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने

वही उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने भाजपा नेताओं को आश्वा. सन देते हुए कहा निर्माण कार्य मे सामग्री की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पूर्व भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी पवन पुष्पद, कमलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

## किशनगढ़ में दरिंदगी करने वाला रायबरेली से हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किशनगढ़ स्थित कटवारिया सराय इलाके में दंपती पर हथौड़े से हमला कर घायल पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाला सनकी राय बरेली से गिरफ्तार।

२० मई को हमला करने के बाद दोनों को मरा हुआ समझकर कातिल ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। पति की हत्या कर लहूलुहान महिला से दुष्कर्म किया और भाग निकला। पुलिस ने दंपती को एम्स ट्रामा सेंटर भेजा, जहां डॉक्टरों ने पति को मृत घोषित कर दिया, जबकि पत्नी की हालत गंभीर है। हत्यारोपी अखिलेश (४०) को ७०० किलोमीटर तक पीछाकर रायबरेली से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, पड़ोसी महिला पर गलत नजर रखने पर जब उसके पति ने टोका और पत्नी से दूर रहने की हिदायत दी तो यह बात आरोपी अखिलेश को नागवार गुजरी। इससे नाराज अखिलेश ने २१ मई की तड़के दंपती पर हथौड़े से वार किया। कमरे में खून ही खून होने पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो हैवानियत की हद पार करते हुए लहूलुहान महिला से दुष्कर्म किया। पुलिस पूछताछ में भी हत्यारोपी ने दुष्कर्म की बात कबूली है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह दंपती को सबक सिखाना चाहता था। भारी–भरकम हथौड़े से पहले उसने महिला के पति के सिर पर वार किए फिर महिला पर हमला किया। हत्या के बाद भी जब संतुष्टि नहीं मिली तो उसने अपनी हवस मिटाने के लिए महिला से हैवानियत की। सूचना पर पहुंची पुलिस को महिला की हालत देखकर शक हुआ तो उसने मेडिकल कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती यूपी के झांसी के रहने वाले थे। इनके चार बेटियां और एक बेटा है। बड़ी दो बेटियों की शादी हो चुकी है। बाकी बच्चे गांव में रहते हैं। कुछ साल पहले गुरुग्राम में रायबरेली के रहने वाले अखिलेश की मुलाकात झांसी निवासी व्यक्ति से हुई।

## रोडवेज पर अतिक्रमण हटवाकर राजमार्ग को कराया साफ, काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** हाईवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेशानुसार जिले के यातायात निरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने कोतवाली पुलिस के साथ अभियान चलाकर नगर में हाईवे पर स्थित रोडवेज पर अतिक्रमण हटवाकर राजमार्ग को साफ कराया और चालान भी काटे। इस दौरान लोगों को हिदायत भी कोई भी सड़क के किनारे अतिक्रमण नहीं करेगा क्योंकि इससे सड़क तंग होती है और दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने वाहन चालकों एवं राहगीरों को हेलमेट पहनने के लिए भी हिदायत दी।उन्होंने कहा हेलमेट पुलिस के डर की वजह से नहीं अपनी जान की हिफाजत के लिए जरूर लगाकर चलें। शाहबाद चौराहे से लेकर सहसपुर तक उन्होंने भ्रमण किया।

टीम में निरीक्षक मिथलेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक सतेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, हेड कॉन्स्टेबल भानु प्रताप गंगवार, कॉन्स्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे। पुलिस के सक्रिय होने पर राजमार्ग चौड़ा दिखाई देने लगा है और वाहन चालक सुविधा महसूस कर रहे हैं।



# 2027 में सपा सरकार बनने से होगा सर्वागीण विकासः फहीम इरफान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम मुड़िया राजा में सेक्टर तेवरखास के बूथ प्रभारियों के साथ समाजवादी पार्टी की पीडीए जनपंचायत हुई। पीडीए जनपंचायत में पहुंचे सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि 2027 में सपा सरकार बनने से सर्वांगीण विकास होगा। पीडीए जनपंचायत में पीडीए की एकता की मजबूती का संकल्प लिया गया। कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, प्रदेश सरकार द्वारा नई भर्ती न निक. ाले जाने से बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है। कहा कि 2027 में पूर्ण बहुमत के सरकार बनने जा रही है, सरकार बनने पर जो अधूरे कार्य रह गये है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को आपस में बांटकर शोषण किया जा रहा है, शोषण कों रोकने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए जागरूकता अभियान चलाया है,





जिसमें बड़ी संख्या में पीडीए के लोग जुड़े रहे है, कहा कि पीडीए की ताकत से भाजपा सरकार घबरा गई है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान एड, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड सौरभ यादव, सेक्टर प्रभारी जफर हुसैन, कपिल राज यादव, विश्वजीत यादव, मास्टर इरशाद, कुलदीप जाटव, अरबाज, हरकिशोर राजपूत, महेन्द्र मौर्य, बाबू खान ,कासिम खान, राहुल जाटव, मुकेश जाटव, मुरारी,कपिल मौर्य, विपिन कश्यप, रूप किशोर कश्यप, विमल ठाकुर, जीतन प्रसाद , विजय सिंह मौर्य, राहुल जाटव, राकेश, कमल सिंह, विपिन जाटव, राकेश प्रजापति, मौ0 फरमान, गजराम वाल्मीकि, इरशाद मुल्लाजी, जहीर , मो0 मोहसिन, श्यामवीर, जफरूददीन समेत पीडीए परिवार के लोग मौजूद रहे।

## रोटरी वोकेशनल अवार्ड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** रोटरी सुंदरलाल नेत्र चिकित्सालय के सभागार में सोमवार को रोटरी वोकेशनल अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा0 काव्य सौरभ रस्तोगी (मुरादाबाद) रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डा0 विद्यादत द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई।





तदुपरांत दिनेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रमेश अधीर, कृष्णगोपाल शर्मा, डा0 विद्यादत को समाजसेवा में किये गये कार्यों के लिए रोटरी वोकेशनल अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर रमेश अधीर द्वारा श्रीमद्भागवत के बारे बताया। कृष्णगोपाल शर्मा ने सुंदरकांड के महत्व को बताया। इस अवसर पर अंजू अग्रवाल, डा0 एस.के. अग्रवाल, संतोष, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, रितेश रस्तोगी, गुंजन, सुरभि, अंबर, गीति, फूलप्रकाश, हरिशंकर, डा0 हरीप्रकाश अग्रवाल, नीरज, ओमशंकर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिले लोजपा जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर मौर्य

**चन्दौसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संभल जिलाध्यक्ष प्रेम शंकर मौर्य ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग मंत्री चिराग पासवान से दिल्ली पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की और जनपद संभल के संगठन को लेकर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही जनपद संभल में संगठन को मजबूत कर पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।



## विवाहिता से मारपीट कर जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** विवाहिता से मारपीट करने व जांन से मारने के आरोप में पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। उत्तराखंड के थाना जसपुर निवासी आरती जोशी पुत्री वेदप्रकाश जोशी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी करीब सात बर्ष पूर्व शोभित भारद्वाज पुत्र शान्ति प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 14 ठाकुरद्वारा के साथ हुई थी। आरोप है कि बीती 22 मई को उसके पति शोभित भारद्वाज व जेठ पंकज कुमार और सास विनोद ने घरेलू बात को लेकर गाली गलौच शुरू कर दी।

विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी है। जीसपर पीड़िता की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी जीसपर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांव लालपुर गंगवारी के निवासियों की जिम्मेदारियों का स्वयं बोझ उठाकर सरकार के कामों में सहयोग करने की नई मिसाल की पेश

**कुंदरकी।** एस ई जेड के निकटवर्ती विकास क्षेत्र के कुंदरकी के गांव लालपुर गंगवारी के निवा. सियों जिम्मेदारियों का स्वयं बोझ उठा कर सरकार के कामों में सहयोग करने की नई मिशाल पेश की है। दो माह के दौरान पीडब्लूडी द्वारा डामर से संपर्क रोड़ बनवा दिया गया और विधायक निधि से गांव का भीतरी रास्ता भी टाइल्स वर्क से बनवा दिया गया है। गांव के लोग इन दो कामों के पूर्ण होने पर फुले नहीं समा रहे है और कुछ काम आपसी सहयोग से कर टूटी सड़कों को ठीक करा रहे हैं। जन जागरुकता का एक बड़ा बदलाव उस समय सामने आया जब 10 मीटर टूटे रास्ते को ग्राम पंचायत ने पैसे के अभाव में ठीक करवाने में असमर्थता जताई तो ग्रामवासियों ने स्वयं ही इस रास्ते को ठीक कराने की पहल शुरू कर दी। गांव के उच्च शिक्षित और जानेमाने समाजसेवी डॉ मुहम्मद जावेद ने सामुदायिक सहभागिता से गांव का रास्ता ठीक करने का बिगुल बजाया। एक एक कर एक दर्जन लोग आगे आए और जन सहयोग से गांव के प्रमुख रास्ते को ठीक करने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए, किसी ने सीमेंट की व्यवस्था की किसी ने बजरी बाजरफुट व्यवस्था की तो कई लोहे का सरिया लाया तो कोई स्वयं ही श्रमदान करने के लिए तैयार हो गया। छुट्टी के दिन रविवार



को अभियान ने रंग दिखा दिया और वर्षो से कीचड़ और गंदगी का पर्याय बने रास्ते को स्वच्छ और पक्के रास्ते में बदला दिया गया। डॉ मुहम्मद जावेद बताते हैं कि खराब रास्ते पर पड़ोसी अन्य कई गांवों के लोगों का आना जाना है।

अक्सर लोग टूटे और कीचड़ युक्त रास्ते पर निकलते समय परेशान होते रहते थे। एक बार हद तो तब हो गई जब एक नव विवा. हता जोड़े की बाइक यहां फिसल गई और दोनों गिर गए। मोहल्ले वालों ने नव विवाहित जोड़े को उठाया और उनकी मदद की। उस समय नव विवाहित जोड़े से ज्यादा मुहल्ले और गांव वालों ने शर्मिंदगी महसूस की और ग्राम वासियों ने जन सहयोग से रास्ता ठीक कराने का निर्णय लिया। डॉ मुहम्मद जावेद बताते हैं कि इस काम में पांच हजार का खर्च आया। अब ग्रामवासी खुश हैं कि किसी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की यूनिफॉर्म खराब नहीं होगी।

मस्जिद और मंदिर जाने वाले पर कीचड़ नहीं आएगी और अब किसी की बाइक नहीं फिसलेगी। इस अभियान में प्रमुख रूप से साबिर हुसैन, लाल सिंह, मुहम्मद शावेज, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, अल्वी रजा, मुहम्मद नावेद, हसीब हुसैन, शाहिद हुसैन, आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## अल–बरू हायर सेकेंडरी स्कूल समर कैंप का दूसरा दिन, नन्हे बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां

**कुंदरकी।** आज अल–बरू हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैंप का दूसरा दिन बहुत ही उत्साहपूर्ण रहा। एनसी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने उत्साह, रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दिनभर चली मजेदार गतिविधियों में शामिल रहीं। बलून रेस, जिग–जैग रेस, को–ब्रेन एक्टिविटी, नृत्य–संगीत, डिस्पोजल बैलेंसिंग गेम, स्ट्रॉ और पेपर गेम, म्यूजिकल चेयर, पजल गेम और पासिंग बलून गेम। इन गतिविधियों ने बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा दिया। बच्चों ने खेलों के माध्यम से सहयोग, एकाग्रता और आनंद को महसूस किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य अकरम सर, प्रबंधक तस्लीम सर, तथा शिक्षिकाएँ आबिहा मैम, तूबा मैम, खदीजा मैम, सोफिया मैम, सुम्बुल बेबी मैम, अंजुम मैम, रजनी मैम, अर्शिफा मैम और अनाम मैम का विशेष योगदान रहा। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनके जोश ने इस दिन को यादगार बना दिया।



# विवाहिता ने एएसपी से की शिकायत

**चन्दौसी।** पत्नी को घर से निक. ालकर पति ने दूसरी शादी कर ली। अब पत्नी तीन वर्षीय बच्ची को लेकर भटक रही है। अपनी मां को लेकर विवाहिता ससुराल पहुंची तो ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर भगा दिया। विवाहिता अपनी बच्ची व मां के साथ रेलवे स्टेशन पर रात गुजारती है और सुबह होते ही अधिकारियों के दरवाजे खटखटाती है। विवाहिता द्वारा कोतवाली में शिकायत की गई। इसके बाद सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी से शिकायत की। हालांकि सीओ के निर्देश पर हल्का दरोगा विवाहिता के घर पहुंचे भी परंतु विवाहिता को घर में प्रवेश नहीं मिल पाया। अब विवाहिता ने एएसपी अनुकृति शर्मा से गुहार लगायी है। विवाहिता का कहना है कि शायद महिला अधिकारी उसकी व्यथा को समझ पायें। विवाहिता की मां ने बताया कि शादी सहित अब तक ससुराल वालों को 25 लाख रु. दे चुकी है परंतु फिर भी दहेज लोभियों ने उसकी बेटी को घर से निकाल दिया।बता दें कि हरिद्वार की रहने वाली ममता का विवाह वर्ष 2020 में चन्दौसी के गुमथल रोड नि0 संजय पुत्र अमरपाल के साथ हुआ। परिवार वालों ने बेटी की शादी में दहेज भी दिया परंतु ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए और विवाहिता को घर से निकाल दिया। इसके बाद 22 अप्रैल को दूसरी शादी कर ली। विवाहिता को पता लगा तो वह 14 मई को हरिद्वार से चन्दौसी पहुंची परंतु ससुराल वालों ने उसे घर में नहीं घुसने दिया। यहां से विवाहिता कोतवाली पहुंची तो पुलिस ने संजय के पिता को कोतवाली बुलाकर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। आखिर विवाहिता ने सीओ अनुज चौधरी से शिकायत की। सीओ के निर्देश पर हल्का दरोगा विवाहिता के साथ उसकी ससुराल भी गये परंतु फिर भी विवाहिता को घर में प्रवेश नहीं मिल पाया। सोमवार को विवाहिता अपनी मां व तीन वर्षीय बच्ची के साथ एएसपी अनुकृति शर्मा के पास पहुंची। विवाहिता का कहना है कि यदि अधिकारियों से न्याय नहीं मिला तो वह सीएम दरबार में अपनी शिकायत करेगी।



**बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना**

मैनें अपने पुत्र पंकज से गलत संगत में पड़ने और गलत व्यवहार करने पर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके किसी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**बलवीर सिंह पुत्र खानचन्द निवासी ग्राम हिमांयुपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद।**

## राजकीय महाविद्यालय में छात्रों को दिया ध्यान का प्रशिक्षण

**भोजपुर।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय में सतत रूप से योग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सोमवार को एक विशेष ध्यान केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्यान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई और प्रतिभागियों को ध्यान अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आत्मचिंतन की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना था। ध्यान प्रशिक्षण के लिए रामचंद्र मिशन से प्रिसेप्टर राजीव कपूर को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को ध्यान की विधियां सिखाईं एवं उनके प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रेरणादायक कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संदीप कुमार व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में ध्यान की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

## गोकशी व पुलिस मुठभेड़ में वांछित गोवंश तस्कर को तमंचे समेत पकड़ा

**भोजपुर।** उप निरीक्षक कपिल कुमार ने पुलिस मुठभेड़ और गोकशी में वांछित गुलाब बाड़ी निवासी अभियुक्त अरबाज पुत्र नासिर को रविवार की आधी रात को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपी गांव अब्बकरपुर में पुलिस मुठभेड़ और गांव गौहरपुर सुल्तानपुर के जंगल में गोवंशीय पशु की हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहा था। इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी को ताबड़तोड़ दबिशें डाल रही है।

## भीषण गर्मी से राहत को अधिवक्ताओं ने पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए अधिवक्ताओं के द्वारा कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं व वादका. रियों राहगीरों को शरबत पिलाकर गर्मी राहत पहुंचाई। सोमवार को भीषण गर्मी से राहत के लिए कचहरी परिसर में शरबत का वितरण किया गया। तपती गर्मी को देखते हुए तेज धूप और गर्म हवा ने लोगो को घरों में कैद कर दिया है। वही ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह एडवोकेट के द्वारा चेंबर नंबर एक पर निःशुल्क ठंडा मीठा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां लोगो ने ठंडा व मीठा शर्बत पीकर सकून महसूस किया। वही अधिवक्ताओं व राहगीरों का कहना है कि प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कोई समाज सेवा नही है। वही मौके पर मौजूद पूर्व ठाकुरद्वारा बार अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए हम सब ने मीठे पानी का निशुल्क प्याऊ का इंतजाम किया है।

## एक दिवसीय समर कैंप के दौरान विभिन्न क्रियाकलाप

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को एकता एकेडमी रामनगर खागूवाला में एक दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ एकेडमी प्रबंधक सतीश चौधरी ने किया । इस दौरान विद्यालय द्वारा विभिन्न क्रियाकलापों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समर कैंप के अंतर्गत एकेडमी द्वारा आयोजित चार्ट प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। विद्यालय द्वारा समर कैंप के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पॉट में क्रिकेट, वॉलीबॉल फुटबॉल, कंप्यूटर के अंतर्गत एमएस ऑफिस इंटरनेट ड्राफ्टिंग ऑफ ईमेल और फैंसी ड्रैस जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समर कैंप के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों में विद्यालय छात्र छात्राओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भारी संख्या में प्रतिभाग कर समर कैंप का आनंद लिया। समर कैंप के अवसर पर एकेडमी प्रधानाध्यापिका कुमारी मान्या चौधरी ने समर कैंप का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या अध्ययन के साथ–साथ छात्रों के जीवन में मनो. रंजन का भी बहुत महत्व होता है जिससे उनका अध्ययन सुचारू और सरल रूप से क्रियान्वित रहता है। इस अवसर पर एकेडमी शिक्षिका एकता चौधरी, पायल देवी, रिंकी चौधरी, यश चौधरी के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।



# इकाना में आरसीबी से भिड़ेगी लखनऊ




**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अंतिम लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत हासिल करने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने मैदान में उतरेगी। वहीं लखनऊ सम्मानजक विदाई के लिए पुरजोर कोशिश करेगी। रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने सीजन के आखिरी चरण में अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज करके शीर्ष पर है, जबकि लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी यहां जीत हासिल कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और प्लेऑफ में उसे अतिरिक्त जीवनदान मिल सकता है। एलएसजी टूर्नामेंट में सम्मान के साथ विदाई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करनी होगी। आरसीबी के जीत के अभियान को विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी से बल मिला है। विराट ने इस सत्र में 548 रन बना लिए हैं और विस्फोटक बल्लेबाज फिलिप साल्ट के साथ शीर्ष पर हैं। मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा और पावर-हिटर टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी वाली उनका बल्लेबाजी क्रम लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाने मैदान में उतरेगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने बहुत देर से फॉर्म हासिल किया। हालांकि पिछले हफ्ते मिशेल मार्श की 117 रनों की तूफानी पारी और विलियम ओ 'रुरके के शानदार स्पेल ने उन्हें गुजरात टाइटन्स पर 33 रनों की जीत दिलाई, लेकिन टीम के बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष ने पूरे अभियान में उन्हें भारी कीमत चुक. ानी पड़ी। स्पिनरों की मदद करने वाली इकाना पिच मध्यम स्कोर बनने के आसार है। पिछले पांच मैचों में से चार में टीमों ने सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा किया है, इसलिए टॉस फिर से महत्वपूर्ण होगा और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकते हैं।

## पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ नूर हुए आगे

● चेन्नई के नूर अहमद ने खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद कल खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट झटकर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ते हुए पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। टूर्नामेंट में नूर के पास अब और मौका नहीं जबकि प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध के पास आगे मैचों में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर आगे निकलने का अवसर है। प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक 14 पारियों में 23 विकेट हैं। हालांकि जीटी के प्लेऑफ में पहुंचने के कारण प्रसिद्ध के पास आगे और भी मैच हैं, जबकि सीएसके का सफर समाप्त हो चुका है। मुबई इंडियंस के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेटों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जॉश हेजलवुड 18 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जीटी के साई किशोर भी 14 मैचों में 17 विकेट लिए है। कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती भी टूर्नामेंट की 13 पारियों में 17 विकेट ले चुके है। क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर है।



## बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण केस खत्म

■ नाबालिग पहलवान ने कहा था: बहकावे में आ गई, पूर्व सांसद बोले-दूसरा मामला भी क्लोज होगा

**गोंडा, वार्ता।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी कर, केस क्लोज कर दिया। पिछली सुनवाई में नाबालिग अपने बयान से पलट गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने ये निर्णय लिया। यौन शोषण का मामला क्लोज होने के बाद गोंडा में जश्न का माहौल है। नाबा. लिग ने 1 अगस्त, 2023 को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कहा था कि उसने किसी राजनीतिक या भावनात्मक दबाव में आकर ये आरोप लगाए थे। ऐसी कोई घटना नहीं घटी थी।



जिसमें वह खुद को पीड़िता मानती हो। इस बयान के बाद कोर्ट ने इसे श्गंभीर परिवर्तनीय साक्ष्यश माना था। बृजभूषण बोले कि मामले में सच्चाई नहीं कोर्ट के निर्णय पर दैनिक भास्कर ने पूर्व सांसद बृजभूषण से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बजरंगबली और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद है कि मुझे इस मामले में पहली बड़ी जीत मिली है। कथित पहलवानों के भड़कने से नाबालिग पहलवान ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था। लेकिन जब उसको सच्चाई पता चली, तो उसने सही बयान दिया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने उस मुकदमे को खत्म कर दिया है। कल मैं सबसे पहले अयोध्या पहुंच कर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा। उसके बाद अपने नंदिनी नगर माता मंदिर पहुचूंगा, जहां आशीर्वाद लेकर अपने घर जाऊंगा। जल्द ही जो अन्य महिला पहलवानों के मामले चल रहे हैं, उसको लेकर हम हाईकोर्ट गए हुए हैं, वह मुकदमा भी जल्द खत्म होगा। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

खेल विशेष

## मुंबई ने पंजाब को 185 रन का टारगेट दिया

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2025 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 185 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 39 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान हार्दिक पंड्या 26, रोहित शर्मा 24 और रायन रिकलटन 27 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और विजयकुमार वैशाख ने 2-2 विकेट झटके। हरप्रीत बरार को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी में पंजाब ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 34 रन बना लिए हैं। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह क्रीज पर हैं। प्रियांश आर्या ने पहले ओवर में ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके मारे। फिर दीपक चाहर ने मेडन ओवर डाला। दीपक चाहर ने पारी का दूसरा ओवर मेडन डाला। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को ओवर की सभी 6 बाल डाट कराई। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 10 रन रहा। प्रियांश आर्या ने नई बाल से पहला ओवर डाल रहे ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और आखिरी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके हैं। उन्होंने महज 3 रन दिए। अर्शदीप ने पहली बाल पर नमन धीर को प्रियांश आर्या के हाथों कैच कराया। नमन 20 रन ही बना सके। छठी बाल पर सूर्यकुमार यादव को पगबाधा आउफट किया। सूर्या 39 बाल पर 57 रन ही बना सके। 19वां ओवर डाल रहे विजयकुमार वैशाख ने 23 रन दिए। नमन धीर ने उनके ओवर की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर सूर्यकुमार यादव ने चौथी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

## प्रणॉय-लक्ष्य, सिंधु सिंगापुर बैडमिंटन ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती




**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

महिला एकल रैंकिंग में पीवी सिंधु के साथ वह मालविका बंसोड़, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा के टीम का हिस्सा हैं। सिंधु इस जनवरी में इंडियन ओपन के

■ टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य और प्रणॉय खेलेंगे

बाद से लय में नहीं दिख रही और उन्हें लगातार संघर्ष करना पड़ा रहा है। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी और चिराग की पीठ की चोट के कारण यह दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल पाये थे। टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय पुरुष एकल में खेलेंगे। किदांबी श्रीकांत ने पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद इस टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। महिला युगल में काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी खेलेंगी।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को उरुग्वे को 3-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए सोनम ने (21वें) और कनिका सिवाच ने (46वें, 50वें) मिनट में गोल किए। जबकि उरुग्वे के लिए मिलग्रोस सेगल ने (तीसरे) और अगस्टिना मैरी ने (24वें) मिनट में गोल दागे। उरुग्वे की मिलग्रोस सेगल के तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दूसरे क्वार्टर में भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर (1-1) से बराकर कर दिया। हालांकि तीन मिनट बाद ही उरुग्वे ने अगस्टिना मैरी के गोल की बदौलत फिर से बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के कोई गोल नहीं हुआ लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को जीत दिला दी। उन्होंने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, उसके बाद 50वें मिनट में मैदानी गोल करके भारत की जीत पक्की कर दी। भारत का अगला मुकाबला 28 मई को अर्जेंटीना से होगा।




## लाहौर कलंदर्स ने जीता पीसीएल

कुसल परेरा बने मैच विनर, नाबाद 62 रन की पारी खेली

**कराची, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने क्वेटा ग्लैडिएटर्स को 6 विकेट से हरा कर तीसरी बार पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता। पीसीएल के 10 वें सीजन का लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में क्वेटा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए। लाहौर कलंदर्स ने एक गेंद बाकी रहते हुए 204 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा (62) और लोकल बल्लेबाज मोहम्मद नईम (46) ने लाहौर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, शाहीन अफरीदी ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

क्वेटा की ओर से हसन नवाज ने 76 रन की पारी खेली क्वेटा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। क्वेटा की ओर से हसन नवाज टाप स्कोरर रहे। उन्होंने 43 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली। शाहीन ने 3 और सलमान- हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए लाहौर कलंदर्स की ओर से कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। सलमान मिर्जा, हारिस रउफ ने 2-2 विकेट लिए। अफरीदी ने 4 ओवर में 24 रन दिए। सलमान ने 51 और रउफ ने 2 विकेट लिए। इसके अलावा सिकंदर रजा ने 1 ओर राशिद हुसैन ने भी एक विकेट लिए। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स की अच्छी शुरुआत 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स को फखर जमान और मोहम्मद नईम ने बेहतर शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई।

## आयरलैंड को हरा विंडीज ने सीरीज बराबरी पर रोकी

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (170) की शतकीय, कप्तान शाई होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति से 97 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। रविवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन और एविन (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी की।

## नए टेस्ट कप्तान पर पुजारा की बेबाक प्रतिक्रिया

दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी ने कहा:गिल के पास टैलेंट की कमी नहीं, सिलेक्टर्स के पास ऑप्शन नहीं था



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने एक सवाल पर कहा कि शुभमन गिल के अलावा टीम इंडिया के पास कैप्टन के लिए कोई और आप्शन नहीं था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी।

उनके पास अपने को साबित करने का अच्छा मौका है। गिल को शनिवार को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। रोि. हत और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नए युग की शुरुआत करेगा। रोहित और कोहली ने इस महीने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। पुजारा ने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक श्सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्कश के आयोजित एक आनलाइन बातचीत में भास्कर के शुभमन गिल को कप्तानी सौंपने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि गिल का विदेशी धरती पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

वहीं, इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से कुछ मैचों में प्लेइंग इलेवन में भी जगह नहीं मिली थी। पर, जसप्रीत बुमराह खुद ही कह चुके हैं कि इंग्लैंड में पांचों मैच नहीं खेल पाएंगे। वहीं उनकी फिटनेस एक बड़ी समस्या है। ऐसे में गिल के अलावा भारत के पास कैप्टन के लिए दूसरा कोई आप्शन नहीं है। वह 24 साल के हैं, ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। अभी यह कहना कि टीम मैनेजमेंट का डिसीजन सही है या नहीं, मुश्किल होगा। हालांकि, गिल के पास अच्छा मौका है, उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। गिल में प्रतिभा की कमी नहीं, बतौर बल्लेबाज सफल होंगे पुजारा ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे यकीन है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है वह इंग्लैंड में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जब आप शीर्ष स्तर पर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे होते हैं तो आप कभी यह नहीं सोचते कि आप कप्तान हैं या खिलाड़ी, आप हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आपको इसे अलग रखना चाहिए। जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो आपको कप्तानी के बारे में सोचने के बजाय बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहिए। 37 साल के पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट से अभी संन्यास नहीं लिया है। उन्होंने भारत के लिए टेस्ट मैच जून 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था। उसके बाद वह टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी टेस्ट टीम में वापसी का सपना देखते हैं, लेकिन अपने करियर की दिशा को लेकर उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है (भारत के लिए फिर से खेलने का), तो मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है। वह सबसे अच्छी बात होगी। लेकिन साथ ही, मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में जीना पसंद करता है और जो कर रहा हूं, उसमें लगा रहता हूं। अब तक का करियर शानदार रहा है, मुझे कोई पछतावा नहीं है।

## प्रियांक पंचाल ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

प्रियांक 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात का हिस्सा रहे

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात क्रिकेट टीम के दाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांक पंचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने सोमवार प्रियांक पंचाल के क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की जानकारी दी। प्रियांक पंचाल सलामी बल्लेबाज के रूप में 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात की घरेलु टीम का हिस्सा रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका शानदार प्रदर्शन रहा और उन्होंने भारत ए टीम के लिए कप्तानी की। उन्होंने गुजरात ओर से 99 रणजी ट्रॉफी मैचों सहित 127 प्रथम श्रेणी मैच खेले। जिसमें उन्होंने 29 शतक और 34 अर्द्धशतक के साथ 45-18 की औसत से 8856 रन बनाए। उनका सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (नाबाद 314) था। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रियांक पंचाल को उनके शानदार करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

## रेबेका को हराकर इगा फ्रेंच ओपन के अगले दौर में पहुंची

● इगा ने रेबेका को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराया

**पेरिस, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को हराकर फेंच ओपन के अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां कोर्ट फिलिप-चैटियर पर खेले गये मुक. ाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन दूसरे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी स्वियाटेक ने पहले सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया। मैच के दौरान उन्होंने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और मजबूत सर्विस के साथ गेम में अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि इस दौरान श्रामकोवा ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह मिले अवसरों को भुनाने में किल रही। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही, स्विएटेक ने दो बार और ब्रेक लिया। उन्होंने एक घंटे और 31 मिनट में तक चले मुक. ाबले में स्लोवाकिया खिलाड़ी पर जीत दर्ज की। स्विएटेक की फेंच ओपन में यह लगातार 22वीं जीत है। फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में स्विएटेक का



मैच ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से होगा।

# प्रदेश को आगे बढ़ाना है, तो हर हाल में शिक्षा को बनाना है मजबूत: प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री ने बेसिक शिक्षा के शिक्षकों, शिक्षामित्रों व कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बेसिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का लोकपर्ण/शिलान्यास/शुभारम्भ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। उक्त कार्यक्रम के क्रम में जनपद में मुख्य अतिथि के रुप में आज मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री अनिल कुमार पंचायत भवन सभागार मुरादाबाद में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुभारम्भ एवं लोक. ापर्ण कार्यक्रम में वर्चुअल के माध्यम से सम्मिलित हुए। पंचायत भवन सभागार में उपस्थित सभी लोगों द्वारा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया, तदोपरांत जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दीप प्रज्जवलित के बाद स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत कार्यक्रम की प्रस्तुती की गयी। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पिछले 8 वर्षो से बेसिक शिक्षा विभाग बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है इसका पूरा श्रेय मुख्यमंत्री एवं एनडीए की सरकार को जाता है और हमारे अध्यापकों को जाता है जिनके कारण यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश या प्रदेश को आगे बढ़ाना है तो हमें हर हाल में शिक्षा को मजबूत करने की जरुरत है और उसमें प्राथमिक शिक्षा का बहुत अहम रोल है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीर्ण विकास में प्राथमिक शिक्षा का बहुत योगदान होता है। उन्होंने कहा कि 2007 से ही सभी विभागों में बहुत अच्छे कार्य हुए हैं और उसी का ही परिणाम है कि देश की जनता ने एनडीए की सरकार को दोबारा मौका दिया है। जनता दोबारा उसी को चुनती जो अच्छा कार्य करता है। आज बेसिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। आज सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन मानस तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जनपद मुरादाबाद में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मुरादाबाद के लगभग 99 प्रतिशत से अधिक विद्यालयों का सभी पैरामीटरों पर संतृप्तीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में सीएम अभ्युदय विद्यालय का निर्माण कांठ में चल रहा है और सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण लिए भी कार्यवाही अग्रसर है। वर्तमान में 524 जूनियर व कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा, 214 विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं संचालन कर बेहतर उपयोग किया जा रहा है, डीबीटी के माध्यम से 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों के खाते 1200 रुपये के हिसाब से 17.5 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित की गयी है, हमारे शिक्षक लगातार बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को यूनिफार्म पहनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। जनपद में कुल 09 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित है और लगातार इन विद्यालयों को अच्छी संस्था के रुप में निखारने में प्रयासरत है। मध्यान्ह् भोजन में लगातार बेहतर व्यवस्था बनाने का कार्य किया जा रहा है। दिव्यांग बच्चों के लिए सुगम्य विद्यालय का सकुशल संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में 100 ऐसे परिषदीय विद्यालय है जहां नक्षत्र शालाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसे बच्चे विज्ञान संबंधी जानकारी अच्छे से प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि जनपद मुरादाबाद में बेसिक शिक्षा विभाग प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम उपरान्त मंत्री जी द्वारा बच्चों को पाठ्य पुस्तके एवं 1200 रुपये का प्रतीकात्मक चौक वितरित किए गये एवं जूनियर विद्यालय के शिक्षकों को टैब तथा स्मार्ट क्लास को सकुशल संचालन करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गये। इसके साथ ही विद्यालयों में समर कैम्पों का संचालन कराने वाले शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद डा. जयपाल सिंह व्यस्त, सतपाल सिंह सैनी, विधायक शहर रितेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष भाजपा आकाश पाल, जिला अध्यक्ष आरएलडी मनोज चौधरी, महानगर अध्यक्ष भाजपा गिरीश मण्डूला सहित जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



# एसएम कॉलेज प्रबंधन तंत्र की आज भी उच्च न्यायालय में नहीं हुई सुनवाई

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज प्रबंधन तंत्र एवं प्राचार्य व सहायक प्रोफेसर के निलंबन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद वीसी कोर्ट के आदेश के खिलाफ कॉलेज प्रबंधन तंत्र द्वारा उच्च न्यायालय प्रयागराज में रिट सं. 6959/2025 दायर की गई जिसकी सुनवाई हेतु 26 मई 2025 तिथि निर्धारित की गयी। बता दें कि प्रबंधन तंत्र प्राचार्य दानवीर सिंह यादव, प्रोफेसर प्रवीण कुमार व डा0 गीता शर्मा की सेवाएं समाप्त करने का आदेश कर दिया था। इस मामले में गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय के वीसी कोर्ट ने सुनवाई करते हुए प्रबंधत तंत्र के आदेश को शून्य माना। इसके बाद जैसे ही प्राचार्य द्वारा चार्ज संभाला गया तो प्रबंधन तंत्र ने पुन: निलंबन आदेश भेज दिया। वहीं कॉलेज के दोनों गेट पर निलंबित प्राचार्य के खिलाफ बोर्ड लगा दिया एवं कॉलेज में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी। अब न्यायालय में 26 मई को रिट की सुनवाई नहीं हो पायी। प्रबंधन तंत्र को सुनवाई के लिए नयी तिथि दी गयी है।




# जमकर बरसे मेघा, जगह-जगह हुआ जलभराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 26 मई को प्रात:काल की बेला में हुयी मानसून की पहली बारिश ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झमाझम बारिश से नगर एवं आसपास क्षेत्र में झील जैसा नजारा हो गया। इधर नगर में कई स्थानों पर नालों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में बारिश होने के कारण सड़कों पर जलभराव हो गया। मानसून की पहली बारिश इतनी तेज गर्जना के साथ हुई कि आधे घंटे की बारिश ने नगर की सड़कों को जलमग्न कर दिया। नगरपालिका नगर के सभी नाले एवं नालियों की सफाई करा रही है। मलवा निकालकर ट्रेन्चिंग ग्राउंड भेजा जा रहा है। सोमवार को सुबह 04:30 बजे से आकाश में काले बादल छा गये, फिर दामिनी गर्जना शुरु हुयी। पहले तेज हवा चली और बूंदों की बौछार शुरु हो गयी। लगभग तीस मिनट तक हुई तक हुई मूसलाधार बारिश ने झील जैसा नजारा कर दिया। नगर में सड़कों पर जगह-जगह जलभराव से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी हुई। यहां बताते चलें कि बारिश के मौसम में सबसे अधिक जलभराव फुब्बारा चौक व रेलवे स्टेशन रोड पर होता है। इस बार भी ऐसा ही हुआ और फुब्बारा चौक, रेलवे स्टेशन रोड, गौशाल रोड, गणेश कॉलोनी, संभल गेट आदि स्थानों पर जमकर जलभराव हुआ। इधर बारिश से किसानों ने खरीफ की फसल की तैयारी शुरु कर दी है।



## एक नजर

### दयानंद में नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज के समर कैंप में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया प्रधानाचार्य मदन सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समर कैंप में प्रतिदिन अलग-अलग प्रतियोगताओं के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिभाओं को परखने व बच्चों के मनोरंजन के अवसर प्राप्त होते हैं नृत्य प्रतियोगिता में प्रियांशी, कांमिनी,अवनी बिश्नोई, प्रोनिता, सांझवी पड़ियाल ने प्रथम वैष्णवी, भावना ने द्वितीय चेस्टा, नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, पदम सिंह,ऊषा सिंह, रानी राणा, रश्मि शर्मा आदि शिक्षक -शिक्षिकाओं के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**चन्दौसी।** श्रीबारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चंदौसी एवं अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा के सयुंक्त तत्वाधान में महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन चंदौसी के पदाधिकारी शामिल हुए। शपथ लेने वालों में राष्ट्रीय प्रधान इंजीनियर सुशील वार्ष्णेय, उप प्रधान राष्ट्रीय अतुल गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश गुप्ता, एलआईसी कोषाध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर ऋषि, संयुक्त महामंत्री सुभाष भोलेनाथ, राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनय कुमार वार्ष्णेय एड., संयुक्त मंत्री एड. देवेंद्र कुमार वार्ष्णेय, प्रचार मंत्री आलोक वार्ष्णेय आदि रहे। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष चन्दौसी लता वार्ष्णेय, नगरपालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, गौरव, राकेश, सभासद मीना गुप्ता, एल.डी. वार्ष्णेय, इंजीनियर दिनेशचंद्र, सत्येंद्र वार्ष्णेय को महासभा का संरक्षक बनाया गया। कार्यक्रम में अनेक शहरों से सैकड़ो की संख्या वार्ष्णेय समाज के महिला एवं पुरुष शामिल हुए।



### समर कैंप के समापन पर विजयी बच्चों को प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का समापन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। समर कैंप के अंतर्गत विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने विभिन प्रतियोगिताओं में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत फायरलैस कुकिंग में कक्षा 11 से आयशा हुमेरा प्रथम, कक्षा तीन ब से निकुंज चौधरी द्वितीय, तथा कक्षा 8 से हादीया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से नंदिनी चौधरी ने प्रथम, कक्षा एक स से आशिया ने द्वितीय तथा कक्षा दो अ से वरहमना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय में हुई समस्त प्रतियोगिताओं के साथ साथ सभी गतिविधियों में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को भी प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि समर कैंप विभिन्न प्रकार के कौशलों, क्रियाकलापों एवं मानव सहभागिता का नाम है जिन्हें हम न केवल विद्यालय में ही अपना सकते हैं बल्कि हम उन्हें अपने जीवन में भी अपनाकर अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।



### प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को सिखाई जा रही सिलाई

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एंड वूमेन प्राइड द्वारा महिलाओं और युवतियों के लिए 21 मई से 21 जून तक निशुल्क एक माह सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसके छठे दिन सोमवार को प्रशिक्षिका प्रवेश वार्ष्णेय ने बच्चों को तुरपाई, काज, हुक, आई आदि के बारे में सिखाया गया। ग्रुप अध्यक्ष शुभा कागजी एवं अलका मंगल ने कैंप में बच्चों को सिलाई की उपयोगिता के बारे में बताया। इस अवसर पर स्वाति, शुभ्रा, प्रीति आदि रहा।

# भाकियू टिकैत ने की पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत का आयोजन ग्राम असलतपुर जारई में किया गया जिसमें 28 मई को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर होने वाले आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। जिला सचिव नरेश राघव ने कहा कि भाकियू ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। 28 मई को अधीक्षण अभियंता के चंदौसी स्थित कार्यालय पर आंदोलन होगा जो समस्याओं के समाधान तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। बढ़ते तापमान से किसानों की फसल सूखने के कगार पर हैं, अब आंदोलन ही सहारा है। इस दौरान दिनेशपाल सिंह तोमर, प्रमोद राघव, प्रसादी लाल, जितेंद्र सिंह, संजीव, संदीप, नरेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# सेंट पॉल्स स्कूल में मंडल के टॉपर छात्र को 151000 रुपये देने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल कांठ में आज कक्षा 12 व 10 में अच्छे अंक लाने पर छात्रों को सम्मानित किया गया और प्रबंधन ने आगामी सत्र में मंडल में टॉपर आने वाले छात्र को एक लाख इक्यावन हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की आज आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 12 व 10 के छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए छात्र-छात्राओं को विषय के अनुसार उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए भी सम्मान मिला।विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई ने कक्षा 12 साइंस वर्ग में किंजल प्रजापति को 96% तथा कला वर्ग में आफिया परवेज को 96% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप करने के उपलक्ष में 50-50 हजार रुपए के चेक देकर सम्मानित किया। कक्षा 10 में 98% अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को 50 हजार रुपए तथा कक्षा 12 में 98% अंक लाने वाले को रु 1लाख का चेक प्रदान करने की घोषणा की। कहा कि यदि कोई बच्चा मंडल में टॉप करता है। तो उसे 1लाख 51हजार का चेक प्रदान किया जाएगा। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन बिश्नोई ने बताया कि हमारा उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में कांठ को उन्नत बनाना है, जिससे क्षेत्र के लोगों को शिक्षा के लिए बाहर जाना ना पड़े। इस अवसर पर जुल्फिकार अहमद, डॉक्टर मोहम्मद यूसुफ, संजीव गुप्ता ,डॉक्टर अशोक चौहान, अनुज कुमार अग्रवाल, मास्टर रिजवान अहमद आदि गणमान्य उपस्थित रहे।



# फेरी करने गए युवक ने साथियों से मारपीट के बाद लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के रहने वाले रिन्कू पुत्र हरस्वरूप गांव गदईखेड़ा थाना मूंढापाण्डे जिला मुरादाबाद से फेरी का कार्य करने के लिये 5 दिन पूर्व छपरौली रोड बडी नहर के पास कस्बा व थाना बडौत में किराये पर रहने के लिये गया था, मृतक के भाई संतोष ने बताया कि जिस मकान में रह रहा था उस मकान के पास ही धान सिंह पुत्र नारायण निवासी रनियाठेर थाना मूंढापांडे मुरादाबाद किराये पर रह रहा था, 21-05-2025 को पीड़ित के भाई के साथ उक्त व्यक्ति अपने साथ दो अन्य व्यक्तियों को लेकर झगड़ा करने लगा तथा पीड़ित के भाई के साथ काफी मारपीट की मौके पर काफी लोग इक्कठा हो गये जिन्होंने उस समय रिंकू को उक्त व्यक्तियो के चंगुल से बचा लिया लेकिन रात को मौका देखकर उक्त धान सिंह पुत्र नारायण व अन्य दो व्यक्ति रिंकू के कमरे मे आये और आते ही व्यक्तियों ने मारना शुरू कर दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे गिर गया और अचेत अवस्था में हो गया, उसके बाद रिंकू को फांसी लगाकर कमरे मे लगे छत के पंखे पर लटका दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो पुलिस ने शव पंखे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए बड़ौत थाने में तहरीर दी है।




रिंकू का फाइल फोटो

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। 19 मई को इशरार खां पुत्र शराफत खां नि0 ग्राम बनियाखेड़ा थाना बनियाठेर जिला संभल द्वारा तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शादी समारोह से जनरेटर का बैटरा चोरी करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया। सोमवार को थाना बनियाठेर पुलिस उपरोक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त गोविन्दा पुत्र प्रेमपाल नि0 देवरखेड़ा थाना बनियाठेर जिला संभल को मुखबिर की सूचना पर मुरादाबाद बहजोई मार्ग से गिरफ्तार किया गया। वहीं इस मामले में तीन अभियुक्तों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया जा चुका है।



# हजरत भोले भालो के उर्स में दावते इस्लामी इंडिया ने शरबत कैंप लगाया

**कुन्दरकी।** क्षेत्र के गांव चक फाजल पुर में हजरत भोले भाले रहमातुल्लाह अलेह के उर्स के मौके पर भीषण गर्मी में आए हुए जायरीनों को दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट जी एन आर एफ गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की जानिब से इंसानियत की खिदमत के तहत ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई। फाउंडेशन के अध्यक्ष अरकान कादरी ने कहा, ग्मी के इस मौसम में ठंडा पानी लोगों के लिए सबसे बड़ी जरूरत बन जाता है। हमारा मकसद यह है कि कोई भी प्यासा न रहे। यह एक छोटी सी कोशिश है लोगों की सेवा में, और हमें खुशी है कि हमें इसमें सफलता मिल रही है। फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने पूरे दिन लोगों को शर्बत पिलाया। फाउंडेशन के सदस्यों ने जानकारी दी कि यह सेवा अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा और आवश्यकता अनुसार अन्य क्षेत्रों में भी स्टॉल लगाए जाएंगे।इस अवसर पर अब्दुल रब मुहम्मद अली मुस्लिम अत्तारी फरजन्द अली गौसे अत्तारी हाजी फैजान दानिश अत्तारी मुहम्मद सरताज हाजी छिद्दा आदि मौजूद रहे।

# तनहा और कमाल को सृजन सम्मान

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा और यू पी प्रेस क्लब द्वारा प्रतिमाह होने वाले काव्य समारोह में आज 156वां सृजन सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि लोकजनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, शिव शरण सिंह, देवराज सिंह, सर्वेश अस्थाना व अध्यक्ष शलभ जी ने सृजन हिंदी सम्मान शाहजहांपुर के कवि विजय तन्हा व सृजन उर्दू सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार व शायर शाहिद कमाल को सम्मानित किया गया। डॉ निशा सिंह नवल के संयोजन व योगी योगेश शुक्ल के संचालन में निशा की वाणी वंदना से प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में अमन सोनी, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुभाष रसिया, कीर्ति वाणी, प्रमोद श्रीवास्तव, अरविंद झा, डॉ रुद्रमणि, रश्मि श्रीवास्तव, गंगेश मिश्र, रेनू वर्मा, सुनील मेहरोत्रा, संदीप अनुरागी, अंकुर पाठक, वर्षा श्रीवास्तव, सरोज बाला सोनी, अनिता सिन्हा, रजनी राय, राजीव वत्सल, स्वाति पांडेय,दीपक सार्थक, अर्श लखनवी,राजेश राज, नाजिश अहमद, नेहा शिवम सक्सेना, डॉ वंदना श्रीवास्तव, अजिता गुप्ता, निर्भय निश्छल,अनुराग मिश्रा, हिमांशु भटनागर आदि ने श्रेष्ठ काव्यपाठ किया।



# सम्पादकीय

मंगलवार, 27 मई 2025

## अटकलों को विराम

सोमवार को संसदीय समिति की बैठक में सरकार ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी रणनीति साझा की। जिसमें उसने कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद को केंद्र थे। उन्होंने माना कि इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल को भारी चोट लगी, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी साफ किया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ स्तर पर दी गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाक को यह सूचना हमलों के बाद दी गई थी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर में हस्तक्षेप की बात से भी इन्कार किया और कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं वह निराधार हैं। उन्होंने तमाम अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय भारत में पाकिस्तान की ओर से आए अनुरोध के बाद द्विपक्षीय स्तर पर लिया और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उनके कहने का मतलब साफ था कि पाक डीजीएमओ द्वारा संघर्ष विराम की मांग के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई रोकी गई। साथ ही यह भी साफ किया कि भारत के किसी भी अधिकारी ने पाक से सीधी बातचीत नहीं दी और जो भी बातचीत हुई वह केवल दो देशों के डीजीएमओ के बीच थी। उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि अमेरिका व अन्य देश भारत पर पाकिस्तान से वार्ता करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन भारत किसी तरह के दबाव में नहीं आया भारत का स्टैंड साफ है कि आतंकवाद और वार्ता एकसाथ नहीं चल सकते। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की सफाई दी। उनका कहना था कि बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण किया गया। सिंधू जल समझौते को लेकर समिति द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिल्हाल सिंधू जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो कदम उठाया जाएगा उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी। विदेश मंत्री ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। असल में कांग्रेस के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लेकर कई सवाल पूछते रहे हैं और कई बातों को लेकर उनको कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि भारतीय विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पहले ही पाक को दे दी थी। जयशंकर ने इससे इन्कार किया है और सबसे बड़ी बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो सीजफायर का श्रेय लेते नहीं थकते, उनको भी यह कहकर आयना दिखाया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है।

### सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है कृषि



कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में मिलनी चाहिए, कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है, किसानों की हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में जानी चाहिए, इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं, यदि ये सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए, इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, पर अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

–जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति

## विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित जवाहर लाल नेहरू



**पुण्यतिथि पर विशेष**

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था।

पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। वे केवल नेता नहीं थे, वे विचार थे, प्रगति, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और मानवतावाद के विचार। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, भारत की आत्मा अनेकता में एकता है। यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू जी का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को चाचा कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी।

उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। नेहरू जी की विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत किसी वैश्विक ध्रुव की कठपुतली नहीं बनेगा बल्कि अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो केवल व्यक्ति के जाने की सूचना नहीं देते बल्कि एक युग के समाप्त होने की उद्घोषणा करते हैं। 27 मई 1964 की सुबह भी ऐसा ही एक क्षण थी। दिल्ली के तीन मूर्ति भवन से निकली उस दिन की खबर ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। पंडित नेहरू नहीं रहे यह वाक्य भारत के हर घर में बिजली की तरह गिरा। लाखों लोग सड़कों पर निकल आए, रेडियो की आवाजें धीमी हो गई, विद्यालयों में मौन धारण किया गया, संसद में सन्नाटा छा गया और बच्चों की आंखों में एक ऐसा खालीपन आ गया, जैसे उनके अपने चाचा अचानक कहीं खो गए हों। उनकी मृत्यु केवल एक राजनीतिक नेता की मृत्यु नहीं थी, यह उस स्वप्नदृष्टा की चुप्पी थी, जिसने भारत को केवल भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि वैचारिक रूप से भी गढ़ा था। उनकी अंतिम यात्रा में जो जनसैलाब उमड़ा, वह भारत के उस भावनात्मक जुड़ाव का प्रमाण था, जो एक नेता और उसके देशवासियों के बीच दुर्लभ होता है। नेहरू जी की मृत्यु के बाद देश को कई तरह के सवालों ने घेरा, क्या उनके बिना भारत उस मार्ग पर चल पाएगा, जो उन्होंने तैयार किया? क्या धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो पाएगी? क्या भारत का लोकतंत्र उनकी दूरदर्शिता के बिना टिकाऊ रह पाएगा? समय ने इन प्रश्नों का उत्तर संघर्षों और बदलावों के बीच दिया लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि नेहरू का प्रभाव भारत की रगों में आज भी बहता है। नेहरू जी की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सका। उन्होंने कभी अपने विचारों को छिपाया नहीं, न ही अपने विरोधियों को दबाने की कोशिश की। उनके लिए लोकतंत्र केवल शासन का तरीका नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र था। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। एक ऐसे दौर में, जब विश्व युद्धों की विभीषिका से देश जूझ रहा था और भारत को नई पहचान चाहिए थी, तब नेहरू जैसे नेता का मिलना किसी वरदान से कम नहीं था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी रचनाएं हमें बताती हैं कि उन्होंने भारत को केवल शासन के लिए नहीं बल्कि समझने और आत्मसात करने के लिए अपनाया था। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा। आज भी जब किसी बच्चे की मुस्कान में मासूम सपने दिखते हैं, जब किसी छात्र को वैज्ञानिक प्रयोगशाला में नए आविष्कार की प्रेरणा मिलती है, जब किसी युवा को लोकतांत्रिक अधिकारों का अभ्यास करते समय विश्वास होता है कि वह बदलाव ला सकता है, तब नेहरू की आत्मा मुस्कराती है।

–अतुल गोयल

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## मनाली घूमने से पहले इन बातों का रखें ध्यान



गर्मियों का मौसम हो या फिर सर्दियों का, मनाली में हर सीजन में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी में ठंडक के अहसास के लिए लोग मनाली जाते हैं। वहीं सर्दियों में स्नो का नजारा देखने के लिए मनाली जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर किसी भी मौसम में पर्यटकों की भीड़ कम नहीं होता है। मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनाली घूमने जाने के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जा रहे हैं, यह सोचकर ट्रिप देर से न करें। प्रयास करें कि आस यात्रा की शुरूआत सुबह जल्दी करें। इससे आप आधा रास्ता जल्दी और सुकून से कवर कर लेंगे। वरना आप दिन में मनाली की सड़कों पर लगे जाम में घंटों तक फंसे रह सकते हैं। यदि आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में आपको मनाली में होटल सस्ते मिल जाएंगे, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि इस दौरान पर्यटकों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए आप भी पहले से होटल आदि बुक कर लें। वहीं आप मनाली घूमने के लिए ट्रैवल एजेंट या फिर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बता दें कि शहर में आपको पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप ट्रैफिक से बचने के लिए सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। वहीं अगर आप अटल टनल, सोलांग वैली या रोहतांग के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं, तो सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। ए जगहें सनसेट व्यू प्वॉइंट के लिए जाने जाते हैं। वहीं मनाली में आप दिन में सर्दी लगने के कारण वहीं बल्कि तेज धूप की वजह से परेशान हो सकते हैं। इसलिए छाता और टोपी साथ लेकर चलें। वहीं गर्मी और सर्दी वाले कपड़े भी लेकर जाएं। क्योंकि रात के समय तापमान यहां पर कम हो जाता है। अगर आपको ऑनलाइन पेमेंट करने में समस्या हो सकती है, इसलिए कैश साथ लेकर चलें।

गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

### यहां के टूरिस्ट स्पोर्ट्स का कोई मुकाबला नहीं

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

**गिर राष्ट्रीय उद्यान**

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

**सोमनाथ मंदिर**

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है।

## अंधड़, बारिश और अलर्ट: बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन






24-25 मई की रात उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं।

हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से बढ़ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई। केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उड़ गई जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, जिससे कई जगहों पर सड़कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। पंजाब में वर्षाजनित हादसों में कुछ लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई। खेतों में काम कर रहे किसान तेज आंधी की चपेट में आ गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। शहरी हीट आइलैंड प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा बढ़ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छोड़ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यत: ऐसी बारिश के बाद तापमान 18.20 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरुआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब हिमालय क्षेत्र में भी गहराई से महसूस किया जा रहा है। बर्फबारी का स्तर 23 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे हिमालय की नदियों पर निर्भर करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में मौसम अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और अस्थिर हो गया है। असामान्य तूफान, बेमौसम बारिश और अचानक तापमान में बदलाव, यह सभी इस बात के संकेत हैं कि जलवायु अब अपने पुराने स्वरूप से हट चुकी है। वर्तमान स्थिति में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल वैज्ञानिक बहस का विषय न मानें बल्कि इसे सार्वजनिक नीति और व्यक्तिगत जीवनशैली में भी प्राथमिकता दें। भारत को अब मौसम विज्ञान, कृषि, जल संरक्षण, ऊर्जा नीति और शहरी नियोजन को आपस में जोड़ते हुए एक समग्र रणनीति बनानी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी अपनी रणनीतियों को अद्यतन करना होगा। अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों की जलवायु विशेषताओं के अनुसार अलग योजनाएं बनानी होंगी। दिल्ली-एनसीआर जैसे घने शहरी क्षेत्रों के लिए अलग मॉड्यूल हो जबकि हिमालई क्षेत्रों के लिए भूस्खलन, बाढ़ और बर्फबारी पर केंद्रित योजनाएं हों। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए मौसम अनुकूल बीमा योजनाएं, सटीक पूर्वानुमान सेवाएं और प्राकृतिक आपदाओं से पहले सतर्कता की विश्वसनीय प्रणाली विकसित करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने मांगे हार्वर्ड के विदेशी छात्रों के 'नाम और पते'

## अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्व. विद्यालय में नामांकित प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय छात्र के नाम और देश जानना चाहते हैं। यह मांग संघीय न्यायाधीश द्वारा ट्रम्प प्रशासन को हार्वर्ड की विदेशी छात्रों को नामांकित करने की क्षमता को रद्द करने से रोकने के कुछ ही दिनों बाद आई है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि हम जानना चाहते हैं कि वे विदेशी छात्र कौन हैं। यह एक उचित अनुरोध है क्योंकि हम हार्वर्ड को अरबों डॉलर देते हैं लेकिन हार्वर्ड बिल्कुल भी आगे नहीं आ रहा है। हम उन नामों और देशों को चाहते हैं।



उन्होंने आगे कहा कि हार्वर्ड यह क्यों नहीं कह रहा है कि उनके लगभग 31 प्रतिशत छात्र विदेशी देशों से हैं, और फिर भी वे देश, जिनमें से कुछ अमेरिका के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नहीं हैं, अपने छात्रों की शिक्षा के लिए कुछ भी भुगतान नहीं करते हैं और न ही वे कभी ऐसा करने का इरादा रखते हैं। किसी ने हमें यह नहीं बताया। ट्रम्प ने आइवी लीग संस्थान से आगे संघीय वित्त पोषण के लिए आवेदन करना बंद करने का भी आह्वान किया। गुरुवार को, होमलैंड सुरक्षा विभाग ने घोषणा की कि वह हार्वर्ड के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम प्रमाणन को रद्द कर देगा, जिससे विश्वविद्यालय को प्रभावी रूप से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने से रोक दिया जाएगा। सभी मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को किसी अन्य विश्वविद्यालय में स्थानांतरित होना होगा या अपनी कानूनी स्थिति खोनी होगी। हार्वर्ड ने तुरंत प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया और मैसाचुसेट्स में एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को एक अस्थाई निरोधक आदेश जारी किया जिससे सरकार को पूर्ण सुनवाई तक प्रतिबंध लागू करने से रोक दिया गया। हार्वर्ड के डेटा से संकेत मिलता है कि 2023 सेमेस्टर की समाप्ति तक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने इसके कुल नामांकन का 27 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाया। विश्व. विद्यालय वर्तमान में 140 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लगभग 6,800 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और विद्वानों को नामांकित करता है, जिनमें से अधिकांश स्नातक स्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

### ट्रम्प यूरोपीय संघ पर नौ जुलाई तक शुल्क न बढ़ाने पर सहमत

**न्यूयॉर्क/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन पर इस संबंध में अनुरोध किया था। इसके बाद, ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि 'ऐसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने लिखा कि वॉन डेर लेयेन ने उनसे कहा है कि वह इस मुद्दे पर गंभीर बातचीत करना चाहती हैं। सुलेयेन ने भी 'एक्स' पर लिखा कि ट्रम्प के साथ बातचीत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि यूरोप शुल्क पर तेजी से और निर्णायक रूप से बातचीत आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

### ट्रम्प की रूस-यूक्रेन के नेताओं पर कड़ी टिप्पणी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर काफी तीखी टिप्पणी करते हुए पुतिन के काम से 'नाखुश' होने और जेलेंस्की को उनके 'बड़बोलेपन' के लिए आड़े हाथों लिया है। ट्रम्प ने न्यूजर्सी के मॉरिसटाउन में एयर फोर्स वन से वाशिंगटन डीसी वापस लौटने से पहले संवाददाताओं से कहा कि 'मैं पुतिन के काम से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया। मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह हमेशा से पुतिन के साथ रहे हैं। लेकिन अब वह शहरों में रॉकेट भेज रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं जो उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उन्होंने कहा हम बातचीत कर रहे हैं जबकि रूस यूक्रेन मे कीव और दूसरे शहरों पर रॉकेट दाग रहा हैं। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं है।



मुंबई। बारिश के बीच जलमग्न वाली सड़क से गुजरते यात्री।

## मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में चाकूबाजी के बाद लॉकडाउन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में दो गिरोहों के बीच चाकू से हुए झगड़े के कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। विक्टोरिया राज्य की पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपराह्न 2:30 बजे के बाद आपातकालीन सेवाएं नॉर्थलैंड शॉपिंग सेंटर पहुंचीं, जो सेंट्रल मेलबर्न से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। यहां करीब 10 लोगों के बीच झगड़े की खबरें आई थीं। इनमें से कुछ लोग चाकू से लैस थे जिसके कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। पुलिस ने घटनास्थल पर दो किशोरों को गिरफ्तार किया जबकि 20 वर्षीय एक युवक को गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में 15 और 16 साल के दो किशोर शामिल हैं। उन पर झगड़ा करने, जानबूझकर चोट पहुंचाने, नियंत्रित हथियार रखने और नियंत्रित हथियार का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिटा एलन ने घोषणा की कि प्रांतीय सरकार एक सितम्बर को चाकू रखने पर कानूनी प्रतिबंध लागू होने से पहले बुधवार से चाकू की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए असाधारण शक्तियों का उपयोग करेगी। बिक्री प्रतिबंध के कारण चाकू रखने पर प्रतिबंध लागू होने से पहले चाकू की आपूर्ति कम हो जाएगी।

# इजरायल ने गाजा में नया संघर्ष विराम प्रस्ताव किया खारिज

**यरुशलम।** इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवा. जाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थाई युद्धविराम की दिशा में बात. चीत जैसे मुद्दे शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए

**■ इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं**

सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बात. चीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाये जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था। इज़रायल ने दो महीनों के संघर्षविराम के बाद मार्च में तीन चरण के युद्धविराम समझौते को समाप्त कर दिया था, इस दौरान हमास ने 33 इज़रायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल ने हालांकि दूसरे चरण में इस बाबत आगे बढ़ने से इनकार कर दिया और गाजा पर अपना हमला फिर से शुरू कर दिया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक क्षेत्र में 53000 से अधिक फ़लस्तीनी मारे गए हैं।

## अफगानिस्तान के 480 शरणार्थियों की घर वापसी

**काबुल।** पाकिस्तान और ईरान से कुल 480 अफगान शरणार्थी परिवार अफगानिस्तान लौट आए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी पूर्व शरणार्थियों को अपने वतन लौटने के बाद क्रॉसिंग पॉइंट पर आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। पिछले सप्ताह ईरान और पाकिस्तान से 3300 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवार अपने वतन लौट आए। उल्लेखनीय है कि लगभग 70 लाख अफगान शरणार्थी विदेश में रह रहे हैं और कथित तौर पर पिछले साल 20 लाख शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से हैं, अफगानिस्तान लौट आए हैं क्योंकि मेजबान देशों ने बिना दस्तावेज वाले शरणार्थियों को घर लौटने के लिए कहा है।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 34 मरे

**गाजा।** गाजा में ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए जिनमें एक पत्रकार और नागरिक सुरक्षा का एक अधिकारी शामिल हैं। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने यह जानकारी दी है।

प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया और बेत लाहिया में घरों और सभाओं पर इजरायली हवाई हमलों में पत्रकार हसन अबू वर्दा सहित दस लोग मारे गए और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में घरों, एक सभा और एक मोटरसाइकिल पर इजरायली हमलों में 14 लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा में डेयर अल-बलाह शहर में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए। नागरिक सुरक्षा में संचालन के निदेशक अशरफ अबू नार और उनकी पत्नी अपने घर पर इजरायली

**■ 2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है**

बमबारी में मारे गए और नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक तंबू पर इजरायली हमले में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। बसल ने कहा कि गाजा शहर के उत्तर में अल-करामा पड़ोस में फलस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर इजरायली ड्रोन द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई और शहर के पश्चिम में ताल अल-हवा पड़ोस में एक वाहन पर इजरायली हमले में एक और व्यक्ति मारा गया। इस बीच रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने कहा कि शनिवार को खान यूनिस में उनके घरों पर इजरायली हमलों में उसके दो फलस्तीनी कर्मचारी मारे गए। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने भी कहा कि उसके सदस्यों ने खान यूनिस के पूर्व में अल-क़रारा शहर के पूर्व में एक घर के अंदर शरण लिए हुए एक सैन्य बल को निशाना बनाकर एक जटिल अभियान चलाया। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी गाजा में हमास के साथ संघर्ष के दौरान उसकी 52वीं बटालियन का एक टैंक कमांडर गंभीर रूप से घायल हो गया। इजरायल ने हमास के साथ जनवरी में हुए युद्ध विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद दो मार्च को गाजा में माल और आपूर्ति के प्रवेश को रोक दिया। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल ने 18 मार्च को गाजा पर हमले फिर से शुरू कर दिए। हमले में अब तक 3785 लोग मारे गए हैं और 10756 घायल हुए हैं। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार अक्टूबर 2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है।

### गाजा हमले में दो आईसीआरसी कर्मचारियों की मौत

**गाजा सिटी।** अंतर्राष्ट्रीय लाल क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के दो कर्मचारी दक्षिणी गाजा पट्टी में उनके घर पर हुए हमले में घायल हो गए। आईसीआरसी ने अपने बयान में कहा कि हम अपने दो प्रिय सहयोगियों इब्राहिम ईद और अहमद अबू हिलाल की मौत से बहुत दुखी हैं, जो शनिवार को खान यूनिस में अपने घर पर हुए हमले में मारे गए। हम उनके परिवारों, मित्रों और सहयोगियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आईसीआरसी ने संघर्षविराम और नागरिकों, मेडिकल व राहत कर्मियों की सुरक्षा की मांग की है।



# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने से पहले क्वारंटीन में चले गए हैं। उनके साथ मिशन के अन्य तीन एस्ट्रोनाट ने भी शनिवार को क्वारंटीन में प्रवेश किया। शुभांशु ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि एक्सिओम मिशन सफल होगा। यह कमर्शियल स्पेस फ्लाइट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक्सिओम स्पेस ने एक कार्यक्रम में मिशन पर जाने वाले क्रू को विदाई दी।

दरअसल, अंतरिक्ष में जाने से पहले क्वारंटीन एक जरूरी फेज होता है। इसमें पूरे क्रू को आइसोलेशन में रखा जाता है, ताकि वो पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे और मिशन के दौरान उन्हें कोई संक्रमण ना हो। एक्सिओम मिशन

**■ बोले: पूरा भरोसा कि मिशन सफल होगा, आठ जून को एक्सिओम मिशन के तहत आईएसएस जाएंगे**

4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 8 जून को 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। एक्सिओम स्पेस ने क्वारंटीन एंट्री से पहले एक स्पेशल इवेंट किया। इसमें साथी कर्मचारियों और वैज्ञानिकों ने ट्रेडिशनल तरीके से क्रू को विदाई दी। शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनाट जाएंगे एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उजनान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे।

## चीन, इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

**बीजिंग।** चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिये समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानक. ारी दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

# शराब से सऊदी में हटेगा बैन

## 600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें, वर्ल्ड एक्सपो और फुटबाल वर्ल्डकप के चलते तैयारी

**रियाद।** कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे।



ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। सऊदी अरब में शराब पर बैन की असली वजह वहां के इस्लामिक कानून (शरिया) हैं। इसके अलावा इस्लाम से जुड़े दो पवित्र शहरों मक्का और मदीना होने की वजह से यहां शराब के खिलाफ बने नियमों को सख्ती से लागू किया जाता रहा है। कुरान में शराब को हराम माना गया है, क्योंकि यह सामाजिक और नैतिक बुराइयों का कारण बन सकती है। यहां पर शराब से संबंधित अपराधों (बिक्री, तस्करी, सेवन) के लिए सजा में कोड़े मारना, जेल, जुर्माना, या विदेशियों के लिए निर्वासन शामिल है। यह शराब सिर्फ कुछ लाइसेंस प्राप्त जगहों जैसे 5-स्टार होटल, लग्जरी रिसार्ट और खास विदेशी इलाकों में ही मिलेगी। यहां सिर्फ बीयर, वाइन जैसे हल्के अल्कोहल वाले पेय ही मिलेंगे। 20 प्रतिशत से ज्यादा अल्कोहल वाले पेय अभी भी बैन रहेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर ने तोड़ी मुनीर सेना की कमर

## बलूचिस्तान से पीओके तक टुकड़े-टुकड़े होने वाला है पाकिस्तान!

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर ने ना सिर्फ पाकिस्तान सेना को करारी शिकस्त दी है। बल्कि पाकिस्तान को अंदर से तोड़ दिया है। दरअसल आसिम मुनीर की फिसड्डी फौज का खोखला दम दुनिया के सामने आ चुके हैं।

अब पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान है। जहां के बलूच लड़ाकों की दहाड़ से पाकिस्तान सेना के पैर उखड़ रहे हैं। शहबाज-मुनीर को अब पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का डर सता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद पहलगाम आतंकी हमले का बदला था, लेकिन इस ऑपरेशन ने बलूचिस्तान से लेकर पीओके तक नई जान फूंक दी है। पाकिस्तान के

**■ पाक के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान**

हर एक हिस्सा से आजादी की मांग उठ रही है और शहबाज मुनीर की जोड़ी मीटिंगों के सिवा कुछ नहीं कर पा रही। दरअसल पाकिस्तान में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ 3 फ्रंट खुल गए हैं। पहला फ्रंट बलूचिस्तान का है, जहां बलूच नेताओं ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान कर डाला है। तो वहीं बलोच लड़ाके लगातार पाकिस्तान सेना पर हमला कर रहे हैं। दूसरी फ्रंट सिंध का है, यहां अलग-अलग जगह आजादी की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतरे हैं। तीसरी फ्रांट पीओके में खुल गया है, जहां मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान सेना के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान में सबसे बुरा हालात इस वक्त बलूचिस्तान के हैं। जहां हाल ही में बलूच नेता मीर यार ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान किया था। जिसके बाद से ही पाकिस्तान सेना पर जगह-जगह बड़े हमले हो रहे हैं। बीते 48 घंटे में बलूचिस्तान में बीएलए ने 3 जगह बड़े हमले किए गए। इन हमलों में बीएलए का टारगेट पाकिस्तान सेना थी। 24 घंटे में बलूचिस्तान के कलात, केच और अवारन में बीएलए ने हमला किया, तीनों जगहों पर कुल 4 आईईडी ब्लास्ट किए गए। सबसे बड़ा हमला कलात में हुआ, जहां पाकिस्तान सेना की 2 गाड़ियों को आईईडी धमाके में उड़ा दिया गया।

## फिलीपींस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत कैविटे में सोमवार सुबह गोल. ीबारी में हमलावर सहित चार लोग मारे गए और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब आठ बजे दासमारिनास शहर में झंडा फहराने समारोह के दौरान गांव के हॉल के सामने गोलीबारी हुई। सूचना मिलने पर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि चार लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एक महिला भी घायल हुई है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में तीन गांव के अधिकारी थे। मृतक में एक हमलावर भी है। जिसकी पहचान 50 वर्षीय पूर्व चौकीदार के रूप में हुई है।

# तुर्की-पाक बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

## शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से की मुलाकात

**इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया।



**■ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है: रेसेप एर्दोगन**

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में एर्दोगन ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईंधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष पांच अरब डॉलर के व्यापार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठाना जारी रखेंगे। इसके अलावा इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन की दक्षता में सुधार के महत्व पर जोर दिया। इस बीच शरीफ ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दोनों पक्षों ने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से व्यापार और निवेश में चल रही प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यह भी लिखा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की।

## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।